जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 13 मई, 2023


# जयपुर में कोठी

## वो भी 3000 की रेट से !

**2000 Sq Ft वाली BIG कोठी सिर्फ 60 लाख में !**

**बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट**

| | | |
|---|---|---|
| 2 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1350 SF | 45 लाख |
| 3 BHK WALK-UP अपार्टमेंट | 1900 SF | 50 लाख |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 SF | 60 लाख |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 SF | 70 लाख |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 SF | 1 करोड़ |



KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

एम.आई. रोड़ से एक LEFT पर !

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER



KEDIA

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

LOCATION QR CODE

ROUTE MAP

SITE TOUR 360 DEGREE

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# टेलिविजन चैनल नफरती भाषण फैलाने के जिम्मेदार

देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे है। नफरत और घृणा के इस महासागर में सभी सियासी पार्टियां डुबकी लगा रही है। न्यूज चैनलों पर विभिन्न सियासी दलों के प्रतिनिधि जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते है उन्हें देखकर लगता नहीं है की यह गाँधी, सुभाष, नेहरू, लोहिया और अटलजी का देश है। देश की सर्वोच्च अदालत कई बार इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर नियामकीय नियंत्रण की कमी पर अफसोस ज़ाहिर कर चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं के भाषण और टीवी चैनलों को नफरती भाषण फैलाने का जिम्मेदार ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच मामले में कई बार टेलीविजन चैनलों को जमकर फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टेलीविजन चैनल समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि टीवी चैनल ऐसे चैनल एजेंडे से संचालित होते हैं, जो विभाजन पैदा करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीवी चैनल सनसनीखेज न्यूजों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपने धनदाताओं (मालिकों) के आदेश के अनुसार काम करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नफरत फैलाने वाली बातें एक बड़ा खतरा हैं और भारत में स्वतंत्र एवं संतुलित प्रेस की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि एंकरों और न्यूज चैनल के प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई हो तो सब लाइन पर आ जाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजकल सब कुछ टीआरपी से संचालित होता है और चैनल एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं तथा समाज में विभाजन पैदा कर रहे हैं।

सच तो यह है गंगा जमुनी तहजीब से से निकले भारतीय घृणा के इस तूफान में बह रहे हैं। विशेषकर नरेंद्र मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद घृणा और नफरत के तूफानी बादल गहराने लगे है। हमारे नेताओं के भाषणों, वक्तव्यों और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुचिता के स्थान पर नफरत, झूठ, अपशब्द, तथ्यों में तोड़-मरोड़ और असंसदीय भाषा का प्रयोग धड़ल्ले से होता देखा जा सकता हैं। हमारे नेता अब आए दिन सामाजिक संस्कारों और मूल्यों को शर्मसार करते रहते हैं। स्वस्थ आलोचना से लोकतंत्र सशक्त, परंतु नफरत भरे बोल से कमजोर होता है, यह सर्व विदित है। आलोचना का जवाब दिया जा सकता है, मगर नफरत के आरोपों का नहीं। चुनाव आते ही हमारे नेताओं की बांछे खिल जाती है। मंच और भीड़ देखते ही सियासत की तकदीर लिखने लगते है। भाषणों में नफरत के तीर चलने लग जाते है। बंद जुबाने खुल जाती है। सियासी शत्रुता के गुब्बार फूटने लगते है। नीतियों और मुद्दों की बाते गौण हो जाती है।

**जब से टीवी न्यूज चैनलों विशेषकर सोशल मीडिया ने हमारी जिंदगी में दखल दिया है तब से हम एक दूसरे के दोस्त कम दुश्मन अधिक बन रहे है। समाज में भाईचारे के स्थान पर घृणा का वातावरण ज्यादा व्याप्त हो रहा है। फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल मीडिया पर एक साल के लिए रोक लगा दी जाये तो नेता और उनके अंध भक्त सुधर जायेंगे। साथ ही देश का भी भला हो जायेगा।**

अब नफरत और घृणा पर भी घमासान हो रहा है। राजनीतिक पार्टियों सहित हमारे देदीप्यमान नेताओं को इसके लिए बधाई दी जा सकती है। लगे हाथ न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया को भी बधाई दी जानी चाहिए जिसने आग में घी डालने का काम कर वातावरण को शांत करने के बजाय जहरीला बनाने में अधिक योगदान दिया है। अक्सर यह देखा जाता है न्यूज़ चैनलों की बहस और चर्चा में भाषा की मर्यादा ताक पर रख दी जाती है। कार्यक्रम संचालकों-प्रस्तोताओं को टीआरपी बटोरने के लिए नाना प्रकार से प्रेरित किया जाता है। ऐसे में उठा और नफरत चर्चा और आरोप प्रत्यारोपों को रोकने के बजाय उसे और भड़का दिया जाता है। इससे सार्थक चर्चा नहीं हो पाती और पूरा समय गंदे बोलों के बीच समाप्त हो जाता है। लगता है इन चर्चाओं में भाग लेने के लिए ऐसे लोगों को बुलाया जाता है जो अपने निम्न स्तरीय बयानों के लिए जाने जाते है। आज छोटे से लेकर बड़े नेता तक ने जैसे नफरत फैलाने का ठेका ले लिया है। चुनाव के दौरान इसका अधिक उपयोग होने लगा है। चुनाव भी अब लगभग हर तीसरे महीने कहीं न कहीं होने लगा है जिसका प्रतिफल यह निकल रहा है कि नेता लोग इस अचूक ब्रह्मास्त्र को एक दूसरे पर धड़ल्ले से साध रहे है। घृणा की इस बहती गंगा में हाथ धोने से कोई भी नहीं चूक रहा है। समूचे ब्रम्हांड में जैसे घृणा के काले-पीले बादल मंडरा रहे है। देश में नफरत की भावना का प्रसार बड़ी तेजी से हो रहा है। या यूँ कहे समाज में कुछ लोग ऐसे है जो किसी भी हालत में सद्भावना और प्यार मोहब्बत को मिटाने पर तुले हुए है। इनमें उनके निहीत स्वार्थ है। इस दौरान एक बार फिर आर्थिक मंदी, अर्थव्यवस्था में सुधार, महंगाई और युवाओं को रोजगार और विकास कहीं पीछे छूट गए है। देशवासी भी इन मुद्दों पर कोई ज्यादा गंभीर दिखाई नहीं देते। सियासी बोलों पर तालिया पीटने के आदि हो गए है हम।

जब से टीवी न्यूज चैनलों विशेषकर सोशल मीडिया ने हमारी जिंदगी में दखल दिया है तब से हम एक-दूसरे के दोस्त कम दुश्मन अधिक बन रहे है। समाज में भाईचारे के स्थान पर घृणा का वातावरण ज्यादा व्याप्त हो रहा है। फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल मीडिया पर एक साल के लिए रोक लगा दी जाये तो नेता और उनके अंध भक्त सुधर जायेंगे। साथ ही देश का भी भला हो जायेगा। प्रिंट मीडिया आज भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहा है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर हो रही बहस घृणास्पद और निम्नस्तरीय है। ऋषि मुनियों की इस पावन धरा को घृणा के विष बीज से मुक्ति नहीं मिली तो भारत को पतन के मार्ग पर जाने से कोई भी ताकत नहीं रोक पायेगी।

आज पक्ष और विपक्ष में मतभेद और मनभेद की गहरी खाई है। यह अंधी खाई हमारी लोकतान्त्रिक परम्पराओं को नष्ट भ्रष्ट करने को आतुर है। भारत सदा सर्वदा से प्यार और मोहब्बत से आगे बढ़ा है।

हमारा इतिहास इस बात का गवाह है हमने कभी नफरत को नहीं अपनाया। हमने सदा सहिष्णुता के मार्ग का अनुसरण कर देश को मजबूत बनाया। देश में व्याप्त नफरत के इस माहौल को खत्म कर लोकतंत्र की ज्वाला को पुर्नस्थापित करने की महती जरूरत है और यह तभी संभव है जब हम खुद अनुशासित होंगे और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन नहीं करेंगे।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 13 मई, 2023



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, धनिष्ठा नक्षत्र दिन 11:35 तक, ब्रह्म योग प्रातः 9:22 तक, कौलव करण प्रातः 6:51 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरू-मेष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज पंचक है। नवमी तिथि का क्षय हुआ है। आज त्रोलोकनाथ अष्टमी (बंगाल में) है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:24 से 9:04 तक, चर 12:23 से 2:03 तक, लाभ-अमृत 2:03 से 5:22 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:45, सूर्यास्त 7:02

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**तुला**
परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से आवश्यक कार्यों को टालना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक परेशानियां दूर होने लगेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कुंभ**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में अनावश्यक धन खर्च होगा। समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

# समान नागरिक संहिता का शोर जरूर मचाया जाता है किन्तु प्रारूप जनता के सामने नहीं रखा जाता



महावीर सिंह

भारतीय राजनीतिक उठाक-पटाक में वोटर्स को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए हमेशा उठने वाला एक मुद्दा है समान नागरिक संहिता का। 90 के दशक से ही, चुनाव आते ही जोर जोरदार तरीके से इसे उठाया जाता है। जैसे ही किसी राज्य-देश में चुनाव आता है, समान नागरिक संहिता बनाने या उसके लिए कोई कमेटी बनाने की घोषणा अनिवार्यतः हो ही जाती है। विधान सभाओं के चुनाव कुछ कुछ अंतराल से हमेशा चलते ही रहते है। किसी पार्टी नें, किसी राज्य स्तर पर अथवा राष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे पर कभी व्यापक सार्वजनिक बहस करा कर, ऐसे कानून का प्रारूप जनता के समक्ष नही रखा है। संविधान निर्माण के समय भी इस मुद्दे पर बहस हुई किन्तु एक मत नहीं बना था। संविधान की धारा 44 में उल्लेख है कि शासन यह प्रयास करेगा कि भारत के नागरिकों के लिए एक समान नागरिक सिविल संहिता बने।

नीति निर्देशक संवैधानिक धाराओं में समान-शुलभ न्याय, ग्राम पंचायत गठन, काम-शिक्षा-सामाजिक सुरक्षा-कामगारों को उचित मेहनताना-नागरिकों के लिए पोषण, उचित जीवन स्तर, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक अधिकारों, पर्यावरण, वन, वाइल्डलाइफ सुरक्षा आदि की बातें भी कही है। इन सर्वहित के मुद्दों धार्मिक संगठनों या बड़बोले नेताओं कभी कुछ नहीं बोलते।

संविधान की धारा 51 के अनुसार नागरिक से इस दायित्व बोध की अपेक्षा की गई है कि विभिन्न मुद्दों, विषयों पर मानवीय और वैज्ञानिक सोच के अनुसार विचार और निर्णय करें। ऐसा कितने राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन करते दिखते है??

समान नागरिक संहिता को समझने के लिए, भारत के संविधान के भी कुछ प्रावधानों को ध्यान में रखना होगा।

संविधान की धारा 15 के अनुसार, राज्य धर्म के आधार पर नागरिकों में भेद भाव नहीं करेगा। धारा 25 के अनुसार व्यक्ति अपनी इच्छानुसार अनुसार किसी भी धर्म को मानने और उसके अनुसार आचरण, प्रचार-प्रसार करने के लिए स्वतंत्र है। धारा 26 के अनुसार कोई भी धार्मिक समुदाय अपने धर्म सम्बंधित मामलों के प्रबन्धन के लिए स्वतंत्र है। धारा 29 के अनुसार, माइनोरिटीज को अपनी भाषा, लिपि व सभ्यता को सुरक्षित रखने का अधिकार है। इसलिए समान नागरिक संहिता का जो भी कानून बनेगा इन सीमाओं को ध्यान में रख कर ही बनेगा । इनमें से कोई भी धारा समान नागरिक संहिता बनाने में बाधक नहीं बशर्ते संहिता संविधान के प्रावधानों के अनुसार हो और न्यायोचित हो। जबरदस्ती थोपी जाने वाली नहीं हो।

यह विषय संविधान की समवर्ती सुची में है। कानून राज्य भी बना सकते है किंतु भिन्न राज्यों में अलग-अलग रीति रिवाज-परिपाटियां होंगो तो समान कानून कैसे सम्भव होगा। इसलिए इस विषय पर केवल केंद्र सरकार को कानून बनाना चाहिए।

**सिविल नागरिक संहिता से क्या तात्पर्य है ?**

भारत में हिन्दू, मुसलमान, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई, पारसी धर्मों को मान ने वाले लोग हजारों सालों से एक साथ रहते आये है। इनके सब के शादी, विवाह, गोद, गार्जियनशिप, उत्तराधिकार, विवाह विच्छेद-डाइवोर्स-तलाक के नियम-परिपाटियां अलग-अलग हैं। यह सब इन लोगों की धार्मिक मान्यताओं व लंबे समय से चले आ रहे रीति रिवाजों पर आधारित है।

आदिवासी समाजों में इन मामलों के नियम, कायदे बहुत भिन्न प्रकार के है। इसीलये जनजातियों के लिए भारत की संविधान की धारा 244(1) व शिड्यूल 5 में उनके लिए विशेष प्रावधान रखे गए है।

मोटे रूप से, समान नागरिक संहिता के लिए तर्क के रूप में लोगों को भ्रमित किया जाता है कि समान नागरिक संहिता के बाद इन सब मामलों में सभी धर्मों के लोगों पर एक जैसे नियम लगेंगे, धर्म के अनुसार अलग-अलग नहीं।

लोगों के गले यह बात भी गले उतारने का प्रयास होता है कि इसके बाद मुसलमान चार पत्नियां नहीं रख सकेंगे। कई पत्नियां रखने के कारण मुसलमानों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। एक दिन उनकी संख्या हिंदुओं से ज्यादा हो जाएगी। हमारा देश एक इस्लामिक राष्ट्र बन जाएगा। हिन्दू द्वितीय श्रेणी के नागरिक बन जाएंगे। यह बात, जनसंख्या वृद्धि दर को ध्यान में रख कर, जनसंख्या वृद्धि के आंकड़ों के प्रोजेक्शन्स के आधार पर खरी नहीं उतरती है किन्तु सोशल मिडिया पर इस प्रकार का मिथ्या प्रचार आम बात हो गई है। समय समय पर धर्म के नाम पर चलने वाली कई अमानवीय कु प्रथाओं पर कानून बनते रहे हैं। हिन्दू सामाजिक सुधार संगठनों द्वारा किए गए जन जागरण व मांगों के आधार पर बहुत सी हिन्दु कुरीतियों के विरुद्ध आजादी से पहले ब्रिटिशर्स नें और बाद में भारत की संसद नें कानून बनाए हैं। अगर नहीं बनाते तो सतीप्रथा, बल विवाह, विधवा विवाह निषेध, छुआछूत-अस्पर्शयता, देवदासी आदि कई कुरीतियां चालू रहती।

संसद नें कानून बनाकर हिन्दू लड़कियों को पिता की सम्पत्ति अधिकार और बहू को सास-ससुर के सम्पत्ती में अधिकार दिया गया है। मुस्लिमों में तत्काल तलाक देने की अमानवीय प्रथा का मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और अंततोगत्वा उस पर रोक का कानून बना ही है । सभी धर्मों में रीति-रिवाजो में कुछ अच्छाइयां भी है। मुस्लिम धर्म की निकाह एक कॉन्ट्रैक्ट है। यदि इस कॉन्ट्रैक्ट में भरणपोषण, बच्चों की कस्टडी, मेहर की शर्तें, पति व पत्नी के दायित्व विस्तार से लिख लिए जाएं तो कालांतर में उपजने वाली मुकद्दमेबाजी कम हो जाएगी। हिन्दू शादियों में भी, फेरों के वक्त वधु को मायके-ससुराल-पारीवारिक व मित्र जनों से मिलने वाले स्त्रीधन, उपहार आदी का विस्तृत ब्यौरा तैयार होना चाहिए। इस से दहेज के नाम पर होने वाली मुद्दमेबाजी में आशातीत कमी आ सकती है। इसी प्रकार की अच्छी बातें अन्य धर्मों में भी होंगी, आदिवासी समाजों में भी होंगी, उनको भी संकलित किया जाना चाहिए। इस प्रकार की अच्छी बातों को समान नागरिक संहिता में कैसे शामिल किया जा सकता है, इस पर विचार होना चाहिए।

विभिन्न धर्मों, समुदायों के पर्सनल कानूनों में एक रूपता लाने के लिए सबसे पहले संसद, विभिन्न धर्मों के पर्सनल लॉज में लिंग आधारित भेदभावों वाली, शादी, डाइवर्स, गोद लेने के, उत्तराधिकार व गार्जियनशिप के लिए उन परिपाटियों, रीति-रिवाजों की पहचान करे जो संविधान प्रदत मूलभूत अधिकारों के विपरीत हो और कानून बनाकर उन्हें असंवैधानिक व आपराधिक घोषित करे। शायद इस से इनका विरोध भी कम ही हो।

न्यायालय धर्मग्रन्थों की व्याख्या कर निर्णय नहीं दे। न्यायालयों के समक्ष जो मामला जाए उसे संविधान और उसके तहत बने हुए कानूनों के अनुसार फैसला करे और लागू करवाए। जैसे कोई भी धर्म की महिला, पति के द्वारा दूसरी शादी की शिकायत करे तो के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही हो और सिविल न्यायालय उस पर रोक लगाए।

अर्थात कुल मिलाकर किसी भी धर्म के पर्सनल लॉ, समय व सामाजिक परिस्थियों के चलते सदैव के लिए परफेक्ट व अपरिवर्तनीय नहीं होने चाहिए। कुछ बातें सभी धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों में अच्छी है और उन्हें चिन्हित की जाकर उन्हें अडॉप्ट करना चाहिए। कुछ में बदली हुई परिस्थितियों, संविधान प्रदत मूलभूत अधीकारों के अनुसार परिवर्तन भी होना चाहिए।

कानून बनाना पर्याप्त नही, समाज के द्वारा उनकी स्वीकार्यता जरूरी है। हिंदुओं के सम्बंध में मैरिज एक्ट बना हुआ है किंतु शादियों में स्थानीय, जातीय व पारिवारिक रीति-रिवाज भी निभाए जाते है। कितने गोत्र छोड़ कर शादी मान्य है या सगोत्रीय शादी मान्य है या नहीं, यह भी क्षेत्र, जाति के अनुसार भिन्न-भिन्न हैं।

हिन्दू मैरिज एक्ट के अनुसार अंतरजातीय, सगोत्र शादियां मान्य है, कितनी ऐसी शादियां होती है? यह अधिकतर जातियों में स्वीकार्य नही। इसी प्रकार की अनेक भिन्नताएं मुस्लिम, ईसाई, पारसी समाज के कानूनों, रीति-रिवाजों में है। इसलिये पूरे भारतीय समाज के लिए एक जैसे सिविल कानून हो, यह परम आदर्श उद्देश्य हो किन्तु इसकी मांग विभिन्न समाजों, समुदायों से समय-समय पर उठे और उसी के अनुसार समय समय पर कानून बने, संशोधन हो तो वे शांतिपूर्वक मान्य होंगे और जिन लक्ष्यों के लिए कानून बनाए जाते है उनकी पूर्ति होगी, देश, समाज को लाभ होगा।

सरकार विद्वानों की राय, लॉ कमीशन की रिपोर्ट्स को ध्यान में रखते हुए, दृढता व स्पष्टता से अपना दृष्टिकोण जनता के समक्ष रखे, उस पर देश व्यापी बहस कराए, विभिन्न धार्मिक-आदिवासी समाजों के संगठनों व अग्रणी व्यक्तियों की राय ले और फिर आवश्यकता के अनुसार कानून बनाए। ऐसा करने से विभिन्न धर्मों के उत्पति समूहों द्वारा सामाजिक शांति-सौहार्द्र भंग करने की आशंका कम हो जाएगी।

अन्यथा तो यह सब उठाक-पटाक सामाजिक विभाजन-ध्रुवीकरण-हम बनाम वो के जरिये वोट प्राप्ति के तुच्छ स्वार्थ की प्राप्ति के लिए की जाने वाली, देश के लिए अहितकारी चिल्लपो से अधिक कुछ नहीं होगी।

**–महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**


# जोधपुर स्थापना दिवस पर मेहरानगढ़ किले में मारवाड़ रत्न सम्मान समारोह आयोजित

- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को राव सीहाजी सम्मान मिला, जो उनके माता-पिता ने ग्रहण किया**
- **मिस एनी विर्सेंट को महाराजा सर प्रताप सिंह सम्मान, समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए रावल किशन सिंह रानी भटियाणी मंदिर संस्थान जसोल को राव जोधाजी सम्मान दिया गयो**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर की स्थापना दिवस के मौके पर मेहरानगढ़ किले में मारवाड़ रत्न सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में बतौर अतिथि स्मृति ईरानी उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार से मेहरानगढ़ का यह किला अभेद्य है, ठीक वैसे ही हिंदुस्तान का शौर्य और पराक्रम भी अभेद्य ही रहना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि जनता को संविधान में दिए हुए अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

उन्होंने सभी दायित्व का मंच से वाचन किया और कहा कि जोधपुर राज परिवार के पूर्व नरेश गजसिंह इनका सटीक उदाहरण है। जोधपुर राज परिवार के पूर्व नरेश गजसिंह ने कहा संबोधित करते हुए जोधपुर वासियों को सफाई पर विशेष ध्यान रखने और साथ ही आगामी दिनों में जोधपुर की विकास की परिकल्पना पर भी फोकस किया। समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को राव सीहाजी सम्मान मिला, जो उनके माता-पिता ने ग्रहण किया। मिस एनी विसेंट को महाराजा सर प्रताप सिंह सम्मान, समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए रावल किशन सिंह रानी भटियाणी मंदिर संस्थान जसोल को राव जोधाजी सम्मान दिया गया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टर रमेश रलिया को महाराजा हनवंत सिंह सम्मान, सामान्य नागरिक और रक्षा कर्मों के लिए असाधारण बहादुरी के क्षेत्र में रिटायर आईजी मदन सिंह को मेजर दलपत सिंह सम्मान दिया गया। पारंपरिक कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य के लिए अनुपम शाह को कुंवर करनी सिंह जसोल सम्मान,



**जोधपुर स्थापना दिवस पर मेहरानगढ़ किले में मारवाड़ रत्न सम्मान समारोह में जोधपुर राज परिवार के पूर्व नरेश गजसिंह, स्मृति ईरानी, राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी आदि मौजूद रहे।**

राजस्थानी लोक संगीत और पारंपरिक कालबेलिया नृत्य के क्षेत्र में कालू नाथ कालबेलिया को पद्मश्री कोमल कोठारी सम्मान दिया गया।

जोधपुर के स्थापना दिवस के मौके पर मारवाड़ रत्न सम्मान समारोह के दौरान दो पुस्तकों का भी विमोचन किया गया। लोक संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मरणोपरांत स्व. लीला देवी सोमानी को महाराजा विजय सिंह सम्मान, धरोहर संरक्षण के क्षेत्र में ओंकार सिंह लखावत को महाराजा मानसिंह सम्मान, प्राकृतिक विरासत और वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में डॉक्टर श्रवण सिंह राठौड़ को महाराजा उम्मेद सिंह सम्मान, महिला सशक्तिकरण में ऐश्वर्या भाटी को राजदादीसा बदन कुंवर भटियाणी सम्मान, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को राजमाता कृष्णा कुमारी सम्मान, रतन सिंह राजपुरोहित को गजसिंह द्वितीय सम्मान प्रदान किया गया। इसी तरह क्रिकेट में रवि बिश्नोई को युवराज शिवराज सिंह सम्मान, पत्रकारिता के क्षेत्र में मारवाड़ मैगजीन को मुहता नैनसी सम्मान, राजस्थानी भाषा साहित्य को बढ़ावा देने के लिए भंवरलाल सुथार को पदमश्री सीताराम लालस सम्मान, राजस्थानी भाषा काव्य साहित्य क्षेत्र में बीकानेर के हनुमंत किंकर को डॉ. नारायण सिंह भाटी मालूंगा सम्मान, जान बचाने के लिए मरणोपरांत सुरेंद्र सिंह को राजाराम मेघवाल सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आजादी से पहले कानून और न्याय क्षेत्र में योगदान के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता लेखराज मेहता को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया गया।

# बीगोद के सरकारी अस्पताल परिसर की धर्मशाला में आई दरारें

- **एनआरएचएम योजना के तहत बनी धर्मशाला में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया**
- **अस्पताल परिसर में वर्ष 2015 में 25 लाख रुपए की लागत से धर्मशाला भवन का निर्माण किया गया था**
- **धर्मशाला की दीवारों में बढ़ती दरारों को देख हर वक्त हादसे का डर बना रहता है**

**मांडलगढ़,** (निसं)। बीगोद कस्बे के सरकारी अस्पताल परिसर में सात साल पूर्व निर्मित धमर्शाला की बिल्डिंग में घटिया निर्माण होने से दरारें आ गई है। जिससे बिल्डिंग का एक हिस्सा कभी भी धराशायी हो सकता है। इस बिल्डिंग में वर्तमान में अस्पताल सम्बन्धी गतिविधि संचालित हो रही है और स्टाफ की मौजूदगी रहती हैं।

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धर्मशाला भवन में आई दरारों से नर्सिंगकर्मियों को भी बैठने से डर लगता है। अस्पताल परिसर में वर्ष 2015 में 25 लाख रुपए की लागत से धर्मशाला भवन का निर्माण चिकित्सा विभाग द्वारा किया गया था। निर्माण के दो वर्ष बाद ही भवन के एक हिस्से में धीरे धीरे दरारें आना शुरू हो गई, जो बढ़ती हुई दो कमरों और शौचालय तक में आ गई और बरामदे को भी अपनी जद में ले लिया है। बिल्डिंग की दरारों को देखते हुए यहां बने महिला शौचालय का उपयोग बंद कर दिया गया। दो कमरों में हल्की दरारें होने से अभी मेडिसिन स्टोर के रूप में उपयोग में लिया जा रहा है। धर्मशाला की दीवारों में बढ़ती दरारों को देख हर वक्त हादसे का डर बना रहता है।



**मांडलगढ़ के बीगोद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बने धर्मशाला भवन में आई दरारों से हादसे की आशंका बढ़ी।**

धर्मशाला भवन निर्माण के दौरान घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग और जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही अब सामने आने लगी हैं।समय रहते धर्मशाला भवन में मरम्मत नहीं कराई गई तो धराशायी होने का खतरा बन सकता हैं। एनआरएचएम योजना से करीब 25 लाख की लागत से बनाई गए उक्त धर्मशाला भवन का उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों से उपचार के लिए अस्पताल में आने वाले रोगियों के तीमारदारों को आवश्यकता होने पर रात को ठहरने समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं देने के लिए निर्माण करवाया गया है। लेकिन उक्त भवन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने के चलते सही उपयोग नहीं हो रहा है।

डॉक्टर श्रीराम वर्मा, चिकित्सा प्रभारी, बीगोद का कहना है कि अस्पताल परिसर में बने धर्मशाला भवन की दीवारों में मोटी मोटी दरारें आ गई है। जिससे बड़ी सावधानी रखनी पड़ती है। भवन की नीव बैठने से पूरे भवन में दरारें बढ़ती जा रही है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 280 प्रभात जयपुर, शनिवार 13 मई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Being Roughed Up To Get Smoothe Silk**

The suitcase slipped from my hand, hit the ground & opened with yarn samples on cones, company catalogue & clothes.

**Rare Heart Inflammation**

**Why Champagne Bubbles Fizz Straight Up?** Bubbly flows in the field of fluid mechanics



*हर नवम्बर और दिसम्बर में हजारों ध्रुवीय सी बड़्र्स एंटार्कटिका में जमीन पर अण्डे देती हैं, क्योंकि तब दक्षिणी गोलार्द्ध में गर्मी शुरु हो जाती है। बच्चे बाहर आने तक वो बड़ी कर्तव्यनिष्ठा से अंडों की रक्षा करती हैं। फरवरी और मार्च तक बच्चे इतने बड़े और मजबूत हो जाते हैं कि उड़ान भरने लगते हैं। एंटार्कटिक पैट्रल, स्नोपैट्रल और साउथ पोलर स्कूआ जैसे पक्षियों का यह सामान्य टाइम टेबल है। लेकिन 2021 -22 के दौरान ब्रीडिंग सीज़न में एटार्कटिक के एक बड़े क्षेत्र में ऐसा कुछ नहीं हुआ। गत दिनों करंट बायॉलजी में छपे एक नए शोध पत्र के अनुसार, दिसम्बर 2021 और जनवरी 2022 में ड्रॉनिंग मॉड लैण्ड में बर्फीले तूफान आए। नॉर्वे के अधिकार क्षेत्र वाला यह भाग एंटार्कटिका का छठा हिस्सा है। इतनी ज्यादा बर्फ जमा हो गई कि, पक्षियों को अण्डे देने के लिए जमीन ही नहीं मिली। नतीजा यह हुआ कि, तीन प्रजातियों ने गत वर्ष इस क्षेत्र में प्रजनन नहीं किया। पहाड़ी प्रजनन क्षेत्रों, स्वार्थमारेन और ज्यूटलसैन क्षेत्रों में जहाँ हजारों घोंसले दिखाई देते थे, वहीं, इस बार एंटार्कटिक पैट्रल के तीन और स्नोपैट्रल के थोड़े बहुत घोंसले ही दिखे और साउथ पोलर स्कूआ का तो एक भी घोंसला नहीं मिला। क्योंकि, शोधकर्ताओं को एक भी मृत चूज़ा नहीं मिला, सिर्फ खाली घोंसले ही मिले, इसलिए वैज्ञानिकों को संदेह है कि, पक्षियों ने कठिन हालात की वजह से प्रजनन करने का प्रयास तक नहीं किया और वैसे ही लौट गए। इन तीन सी बर्ड प्रजातियों के अलावा कई अन्य सी बड़्र्स अपने जीवन का अधिकांश भाग समुद्र पर उड़ते हुए ही गुज़ार देती हैं, सिर्फ प्रजनन के लिए जमीन पर आती हैं। शोध के सहलेखक, नॉर्वेजियन पोलर इंस्टीट्यूट के हैरल्ड स्टीन ने कहा कि, चिड़ियाँ इन हालात की आदि हैं और इसका सामना कर सकती हैं, पर अगर प्रजनन नहीं कर पाने जैसे हालात बार -बार बने तो भविष्य में इनकी बस्तियाँ नष्ट हो जाएंगी। यद्यपि तूफान की वजह से कई अण्डे व चूज़े गायब हो जाते हैं पर समूची सी बर्ड कॉलोनी प्रजनन ही ना करे यह बात बेहद अजीब है। इन समुद्री तूफानों के लिए इंसान की वजह से जलवायु में आ रहे बदलाव को दोषी ठहराया जा सकता है। तापमान बढ़ने से एंटार्कटिका में बर्फीले तूफान की संभावना बढ़ जाती है।*

# पायलट को कमजोर दिखाने का प्लान सफल नहीं हो पाया दिल्ली में

## रंधावा ने इस प्लान के अंतर्गत कांग्रेस के नव नियुक्त सहप्रभारियों व प्रदेशाध्यक्ष की मीटिंग आयोजित की थी, पायलट की पद यात्रा के ठीक बीच में

- मैसेज यह देना चाहते थे कि, पायलट की पद यात्रा को मुद्दा बनाकर, कुछ कार्यवाही होगी।
- पर, दिल्ली में इस प्लान को हाई कमान का समर्थन नहीं मिला और रंधावा को भी पद यात्रा के बारे में कमजोर सी टिप्पणी देनी पड़ी कि, यह पायलट की निजी यात्रा है।
- इस कमजोर टिप्पणी से यह तो साबित जरूर हुआ कि, रंधावा को न तो अधिकार है और न ही रूतबा कि, पायलट के भविष्य के बारे में कुछ निर्णय ले सकें।
- यह सच है कि, पार्टी का एक खेमा, जिसमें गहलोत समर्थकों का बोल-बाला है, दबाव बना रहा है कि, पायलट को पार्टी से निष्कासित कर दिया जाये।
- पर, इतना ही मजबूत और बड़ा दूसरा खेमा भी है, जो पुरज़ोर ढंग से कह रहा है कि, पायलट का निष्कासन पार्टी की भारी भूल होगी और पार्टी को इससे भारी नुकसान होगा।
- गांधी परिवार भी गहलोत विरोधी है तथा नहीं चाहता पायलट के खिलाफ कोई कार्यवाही हो।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मई। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (ए.आई.सी.सी.) के महासचिव और राजस्थान में कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, जो राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरफ से काम कर रहे हैं, और जिन्होंने सचिन पायलट की भ्रष्टाचार विरोध यात्रा के बीच तीनों सचिवों व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा की दिल्ली में बैठक बुलाई है, ने यात्रा के बारे में पूछे जाने पर बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि यह उनकी निजी यात्रा है। रंधावा ने कहा, "वो ये यात्रा खुद ही निकाल रहे हैं, यह उनकी निजी यात्रा है।" उन्होंने यह भी कहा कि वे यात्रा पर कड़ी निगाह रखे हुए हैं।

रंधावा ने कहा कि जब पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक से लौट आएंगे तो वे उनसे मिलेंगे और राजस्थान के हालात पर उनके साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सिर्फ खड़गे जी को ही अपने सुझाव देंगे मीडिया को नहीं।

मीटिंग में हालांकि राजस्थान के आगामी चुनावों की तैयारी पर जमीन पर पार्टी को मजबूत बनाने और जिलाध्यक्षों व अन्य की नियुक्ति तथा सचिवों के कार्य वितरण पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मदद के लिए अन्य पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए जाएंगे।

सूत्रों का कहना है मीटिंग का उद्देश्य यह संदेश देना था कि सचिन पायलट के खिलाफ गंभीर मंथन चल रहा है जबकि रोचक बात यह है कि रंधावा को सचिन पायलट के भविष्य पर कोई भी फैसला लेने का अधिकार नहीं है ना ही उनका इतना बड़ा राजनैतिक कद है।

अशोक गहलोत ए.आई.सी.सी. और दिल्ली में बैठे लोगों के जरिए पायलट के पार्टी से निलम्बन पर जोर दे रहे हैं पर अभी तक उनके प्रयास रंग नहीं ला पा रहे हैं क्योंकि खुद रंधावा भी इतना

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# पत्रकार के साथ बातचीत का टेप ले बैठा वित्त मंत्री का वित्त विभाग

- तमिलनाडू के निवर्तमान वित्त मंत्री ने एक पत्रकार से बातचीत करते हुए कहा था कि, डी.एम.के. की सरकार में मु.मंत्री के पुत्र व दामाद ने भारी धन एकत्रित किया है और पार्टी का संगठन काफी कमजोर है।
- निवर्तमान वित्त मंत्री वैसे काफी ईमानदार व कुशल प्रशासक माने जाते थे तथा उनसे वित्त विभाग छीन लेना काफी दुर्भाग्य पूर्ण माना जा रहा है।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मई। तमिलनाडु की दो वर्ष पुरानी एम.के. स्टालिन सरकार में सब कुछ ठीक-ठाक चलता दिखाई नहीं दे रहा है। पार्टी के अंदरूनी मामले सरकार के कामकाज पर अपना असर डाल रहे हैं। राज्य के वित्त मंत्री पी. थियागराजन के कामकाज को लेकर पार्टी की अंदरूनी खदबदाहट भी मंत्रिमंडल में उनका दर्जा अपेक्षाकृत निम्न कर दिये जाने का एक कारण दिखाई दे रहा है। पी. त्याग राजन (पी.टी.आर.) को अति महत्वपूर्ण वित्त मंत्रालय से हटाकर आई.टी. मंत्रालय दे दिया गया है। इस कार्यवाही को एक "दंड" के रूप में देखा जा रहा है तथा इसे लीक हुयी उस ऑडियो रिकॉर्डिंग से जोड़ा जा रहा है, जो कथित रूप से एक पत्रकार से उनकी बातचीत से संबंधित है। इस रिकॉर्डिंग में, वे डी.एम.के. नेताओं और उनके वित्तीय कारनामों पर टिप्पणी करते हुए सुनाई दे रहे हैं।

वित्त मंत्री पी.टी.आर. (वे इसी नाम से जाने जाते हैं) ने इसका विस्तार से खंडन किया है तथा कथित वीडियो को फेक या डीप फेक ऑडियो फाइल्स का नाम दिया है, जो जालसाजी करके बनाया गया है तथा उन्होंने अपने स्पष्टीकरण मजबूती से देने के लिये इस प्रकार की फेक ऑडियो फाइल्स के अदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं। स्टालिन ने व्यक्तिगत रूप से इस ऑडियो रिकॉर्डिंग को खारिज किया तथा मीडियाकर्मियों को बताया कि वित्त मंत्री ने स्पष्टीकरण दे दिया था तथा यह मामला वहीं खत्म हो गया था।

लेकिन इसी बीच, जब विपक्षी भाजपा से जुड़े लोगों ने यह ऑडियो फाइल्स सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी, तभी से ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि वित्त मंत्री इस मंत्रालय से हटाये जा सकते हैं। उन्हें हटाये जाने का कारण यह ऑडियो फाइल ही नहीं है, पार्टी के अंदर ऐसी खदबदाहट भी थी कि वित्त मंत्री पार्टी के कार्यकर्ताओं के निवेदनों की भी उपेक्षा कर रहे हैं क्योंकि वे "नियमों की किता का पालन करते हैं।"

गुरुवार को मुख्यमंत्री द्वारा किये गये मंत्रिमण्डल के बड़े फेरबदल के अन्तर्गत, उन्हें वित्त मंत्रालय से हटा दिये जाने का एक कारण पार्टी के अंदर से

( शेष पृष्ठ 5 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

## सुप्रीम कोर्ट ने ब्लास्ट केस में भाजपा की याचिका मंजूर की

- भाजपा ने 13 अप्रेल को पीड़ितों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट से स्पेशल लीव पिटिशन दायर की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया, अब 17 मई को सुनवाई होगी।

जयपुर, 12 मई (का.सं.)। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने नई दिल्ली स्थित राजस्थान गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता को संबोधित कर कहा कि 13 मई 2008 को जयपुर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट में राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश दिनांक 29 मार्च 2023 के विरुद्ध राजस्थान सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर नहीं किये जाने के पश्चात् ने 13 अप्रेल को राजेश्वरी देवी धर्मपत्नी स्व. ताराचंद सैनी की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय में अपील संख्या 15701/2023 दायर

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# एक से अधिक पत्नी रखने के विरूद्ध कानून लायेगी असम सरकार

## असम के मु.मंत्री ने चार सदस्यीय विशेषज्ञों की समिति गठित की है, इस मकसद की पूर्ती के लिये

- एक अन्य भाजपा शासित राज्य, उत्तराखण्ड ने भी ऐसे ही विशेषज्ञों की समिति गठित करने की घोषणा की है।
- भाजपा देश में युनीफॉर्म सिविल कोड लागू करने के अपने चिंतन को मूर्त रूप देने के लिये एक से ज्यादा पत्नी रखने की मुस्लिम समाज की परम्परा को प्रतिबंधित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिये काफी गंभीरता से कदम बढ़ा रही है।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मई। मंगलवार को अविवेकपूर्ण संकेत देने के बाद, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आज राज्य में बहुपत्नी प्रथा पर रोक लगाने की योजनाओं की तरफ कदम बढ़ा दिये। उन्होंने एक चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित कर दी है जो इस प्रकार का कानून बनाने की राज्य विधानसभा की सक्षमता का परीक्षण करेगी।

यह योजना देश में समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) के प्रति भाजपा के जाने-माने झुकाव के साथ मेल खाती दिखाई दे रही है तथा इस अभियान को अल्पसंख्यक मुस्लिमों के खिलाफ निर्देशित अभियान के रूप में लिया जा रहा है। असम के अतिरिक्त, उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ऐसी एक अन्य भाजपा शासित सरकार है जिससे बहुपत्नी प्रथा पर रोक लगाये जाने पर विचार करने के लिये एक कमेटी किये जाने की योजना की घोषणा कर दी है।

इस प्रकार की रोक के लिये राज्यों को अधिकार हैं या नहीं, इस दिशा में असम सरकार की यह पहल का, भाजपा के समान नागरिक संहिता के अभियान तथा भगवा पार्टी को इसका राजनैतिक

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## जयपुर बम ब्लास्ट केस में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस दिया

- सुप्रीम कोर्ट ने ब्लास्ट में मारे गए एक व्यक्ति की विधवा, राजेश्वरी देवी व अन्य की स्पेशल लीव पिटिशन को मंजूर कर लिया और राज्य सरकार के साथ-साथ बम धमाकों के आरोप से बरी हुए आरोपियों को भी नोटिस भेजे।

जयपुर, 12 मई (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर शहर में 13 मई 2008 को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में बरी हुए आरोपियों और राज्य सरकार से 17 मई तक जवाब मांगा है। जस्टिस अभय एस ओका व राजेश बिंदल की खंडपीठ ने यह आदेश बम ब्लास्ट में मारे गए व्यक्ति की विधवा राजेश्वरी देवी व अन्य की विशेष अनुमति याचिका (स्पेशल लीव पिटिशन) अर्थात एस.एल.पी. को सुनवाई के लिए मंजूर करते हुए दिए। अदालत ने मामले में राज्य सरकार की

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 'वसुंधरा राजे के करप्शन की जांच की बात उठाना अनुशासनहीनता कैसे हुआ?'

## सचिन पायलट ने यह भी कहा, अनुशासन तोड़ने का काम तो 25 सितम्बर को किया गया, जब सोनिया गांधी के स्पष्ट आदेश के बाद मुख्यमंत्री निवास पर बैठक नहीं हो पाई

- जन संघर्ष यात्रा की इजाज़त नहीं लेने के मुद्दे पर पायलट ने कहा, पार्टी का काम करने के लिए किसी से इजाज़त की जरूरत नहीं होती।
- पायलट ने कहा, इतिहास में पहली बार हुआ, जब कांग्रेस अध्यक्ष के आदेश पर आए पर्यवेक्षकों की बेइज़्ज़ती की गई, उन्हें खाली हाथ लौटा दिया गया।
- कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर पायलट ने कहा, आपस में अटकलें लगाने की जरूरत नहीं है, मैं छुपा-छुपी का खेल नहीं खेलता, डबल मीनिंग बात नहीं बोलता, जो भी कहता या करता हूँ सबके सामने होता है।

जयपुर, 12 मई (का.प्र.)। एक ओर राजस्थान में जन संघर्ष पदयात्रा करके सचिन पायलट लगातार अपनी ही सरकार और मुख्यमंत्री पर पेपर लीक सहित भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर निशाना साध रहे हैं। दूसरी ओर दिल्ली में प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने सह प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के साथ बैठक करने के बाद कहा है कि, हमारी नज़र पूरी यात्रा पर है, यह उनकी निजी यात्रा है। यह कहकर एक तरह से डोटासरा ने पार्टी को इस यात्रा से अलग कर दिया है या शायद पार्टी के लोगों को भी इशारा कर दिया है।

वहीं, पी.सी.सी. अध्यक्ष डोटासरा और प्रभारी रंधावा द्वारा यात्रा को निजी बताए जाने पर पायलट ने कहा, "राजस्थान में हम सरकार रिपीट नहीं कर पाए हैं। सरकार रिपीट करने के लिए जो भी मुझे कहना सुनाना था, वह सब कह रखा है। पार्टी को मजबूत करने के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। पार्टी का काम करने के लिए किसी से इजाजत की जरूरत नहीं होती है। मैंने जो मुद्दे उठाए हैं वे सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।

सुखजिंदर सिंह रंधावा ने, गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य नेताओं के साथ मीटिंग के बाद खड़गे को एक रिपोर्ट सौंपने की बात कही है। बताया जा रहा है कि, 13 मई को कर्नाटक चुनाव परिणाम आने के बाद खड़गे दिल्ली लौटेंगे और उसके बाद रंधावा उन्हें सारे मामले की रिपोर्ट देंगे।

( शेष पृष्ठ 5 पर )



*पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने अपनी जन संघर्ष यात्रा के दूसरे दिन अजमेर रोड के बांदर सिंदरी क्षेत्र में चलते -चलते ही प्रैस वार्ता की। उन्होंने इस मौके पर कहा, वसुंधरा राजे के करप्शन की जांच की बात उठाना पार्टी के लिए अनुशासनहीनता कैसे हो सकती है?*

## सांसद बोहरा ने की राज्यपाल से मुलाकात

- सांसद राम चरण बोहरा ने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर एम.एल.ए. क्वार्टर्स की बेशकीमती सरकारी जमीन को वक्फ बोर्ड द्वारा हथियाने के प्रयास पर विस्तृत ज्ञापन दिया और राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया।

जयपुर, 12 मई (का.सं.)। सांसद रामचरण बोहरा ने शुक्रवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर एम.एल.ए. क्वाटर्स की बेशकीमती भूमि को वक्फ बोर्ड द्वारा हथियानें के प्रयास के बारें मे विस्तृत ज्ञापन दिया। सांसद बोहरा ने राज्यपाल से इस मुद्दे पर तुरंत कार्यवाही करवाने के लिये निवेदन किया। बोहरा ने बताया कि जयपुर शहर मे एम.एल.ए. क्वाटर्स की भूमि पर राजस्थान वक्फ बोर्ड द्वारा अवैधानिक रूप से हक जताने का प्रयास करते हुए

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# जालूपुरा में विधायक आवास तोड़कर जमीन नीलाम करने के चक्कर में फंसी राज्य सरकार

## अधिवक्ता प्रतीक खंडेलवाल ने आरिफ खान व मकबूल खान की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जे.डी.ए., स्वायत्त शासन विभाग और जयपुर कलेक्टर को कंटेप्ट नोटिस भेजा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जालूपुरा में विधायक आवासों को तोड़कर जमीन नीलाम करने से पूर्व ही राज्य सरकार और जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) बुरी तरह फंस गए हैं।

एम.आई. रोड. स्थित जालूपुरा की इस 3377 स्क्वायर भूमि को नवाब कल्लन की बताते हुए वक्फ बोर्ड इस पर अपना दावा जता चुका है। शुक्रवार को अधिवक्ता प्रतीक खंडेलवाल ने आरिफ खान व मकबूल खान की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जे.डी.ए., स्वायत्त शासन विभाग व जयपुर कलेक्टर को कंटेप्ट नोटिस भेजा है।

- **एम.आई. रोड पर नवाब कल्याण बाग की 3377 स्क्वायर मीटर भूमि पर वक्फ बोर्ड भी पूर्व में अपना दावा जता चुका है। भूमि का विवाद फिलहाल हाईकोर्ट में लंबित है, जमीन का टाइटल भी आज तक क्लीयर नहीं हुआ**
- **वक्फ बोर्ड का दावा है कि जयपुर राजपरिवार ने नवाब कल्लन को 25 बीघा जमीन भेंट की थी, शेष 8 बीघा जमीन उन्होंने खरीदी थी**

अधिवक्ता प्रतीक खंडेलवाल का कहना है कि एम.आई. रोड पर नवाब कल्याण बाग की 3377 स्क्वायर मीटर भूमि का टाइटल आज तक क्लीयर नहीं हैं, मामला फिलहाल राजस्थान हाईकोर्ट में लंबित है। हाईकोर्ट द्वारा 33 बीघा जमीन का स्टेट्स दिया जा चुका है, इसके बावजूद जे.डी.ए. प्रशासन इस भूमि की नीलामी की कोशिश कर रहा है, जो कि "कंटेप्ट ऑफ कोर्ट" की श्रेणी में आता है। वक्फ बोर्ड पूर्व में दावा कर चुका है कि जयपुर राजपरिवार ने नवाब कल्लन को 25 बीघा जमीन भेंट की थी, शेष 8 बीघा जमीन उन्होंने खरीदी थी।

ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायकों के लिए ज्योति नगर में राजस्थान विधानसभा के सामने ही फ्लैट बनवाने का प्रोजेक्ट हाऊसिंग बोर्ड को दिया। करीब 550 करोड़ रुपये जेडीए प्रशासन से वसूलकर राजस्थान आवासन मंडल यह फ्लैट तैयार कर रहा है, जो कि निर्माण के अंतिम चरण में है। दूसरी तरफ जालूपुरा में विधायकों के लिए बने आवासों को तोड़कर इस जमीन को नीलाम करने की तैयारी में जेडीए प्रशासन जुटा है।

इसके लिए यहां बाकायादा जालूपुरा की सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 80 फीट की गई है, अब यहां 3377 स्क्वायर मीटर भूमि को न्यूनतम 2 से 2.50 लाख रु. वर्गमीटर की दरों पर व्यावसायिक अथवा मिक्स लैण्ड यूज के तौर पर नीलाम करने की तैयारी है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 226 नर्सिंगकर्मियों का सम्मान

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर शुक्रवार को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन बिड़ला ऑडिटोरियम में हुआ। इस दौरान सरकारी व निजी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 226 नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नर्सेज शामिल हुये।

कार्यक्रम की शुरूआत चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीना, शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, शासन सचिव डॉ. पृथ्वी, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. आर पी माथुर, निदेशक अराजपत्रित सुरेश नवल एवं राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने दीप प्रज्जवलन कर की। की।

- **अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर शुक्रवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ**

रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि चिकित्सा मंत्री एवं शिक्षा मंत्री व अन्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजकीय संस्थानों के 48 व निजी संस्थानों के 178 नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नर्सिंग कर्मी देवी देवता स्वरूप है। इनके बिना चिकित्सा सेवाओं की कल्पना ही नही की जा सकती। इनकी हर वाजिब मांग पूरी की जायेगी। डॉ शर्मा ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में नर्सिंग कौंसिल की कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन कर राजस्थान की नर्सेज व स्टूडेंट्स को राहत प्रदान की गई है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित करने से उनको मनोबल बढ़ेगा तथा वो पीड़ित मानव की सेवा और अधिक समर्पित भाव से कर पाएंगे। कार्यक्रम में नर्सेज नेता प्यारे लाल चौधरी, नरेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र राणा, मिथलेश टॉंक, भूदेव धाकड़, अनीश सैनी, चंद्रकांत शर्मा, पावन मीना और तारा चंद जांगिड़ मौजूद रहे।




अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर शुक्रवार को बिड़ला सभागार में आयोजित समारोह में चिकित्सा मंत्री ने नर्सिंगकर्मियों को सम्मानित किया।

## मनोज को फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड

कार्यक्रम में सवाई मानसिंह चिकित्सालय में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर मनोज मीणा को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मनोज मीणा ने अब तक 21 बार रक्तदान किया है। वहीं आइसोलेसन में 6 वर्षों और 3 वर्षों से लगातार गंभीर कैंसर मरीजो की सेवा कर रहे हैं।

## दिनेश बागड़ी सम्मानित

एसएमएस अस्पताल में ही कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर दिनेश कुमार बागड़ा को भी उत्कृष्ठ कार्य के लिए फ्लोरेंस नाइटेंगल अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया।

## भांकरोटा क्षेत्र में युवती के अपहरण की कोशिश

**जयपुर** (कासं)। भांकरोटा इलाके में युवती से छेड़छाड़ कर अपहरण की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस युवती की पहले शिकायत पर आरोपी को छेड़छाड़ के मामले में पहले भी जेल भेज चुकी है। जमानत पर छूटकर बाहर आते बदमाश दुबारा वहीं हरकत करने लगा। भांकरोटा थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि भांकरोटा निवासी 22 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ समय पहले उसकी मुलाकात विधान खाण्डल से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में दोस्ती हो गई।

आरोप है कि विधान ने उसे जबरन उठा ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ की। जिसकी रिपोर्ट भांकरोटा थाने में दर्ज करवाई थी। मामले में उसे अरेस्ट कर जेल भेज दिया था। जमानत पर छूटकर आने के बाद वह कॉल कर धमकाने लगा। सोशल मीडियो पर धमकी भरे मैसेज करने लगा कि अगर तूने किसी से रिश्ता किया तो तेरा जीवन बबार्द कर दूंगा। 9 मई को घर पर हमला कर उसको किडनैप करने की कोशिश की। परेशान होकर युवती ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# शराब ठेका बंद करवाने के लिए आक्रोशित लोगों ने घेरा आबकारी कमिश्नर का ऑफिस

## हरकत में आए आबकारी अधिकारी ने तुरंत नोटिस देकर तीन दिन में शराब की दुकान की लोकेशन बदलने के निर्देश दिए

**जयपुर** । वैशाली नगर में शराब का ठेका बंद करवाने के लिए लगातार 27 दिन धरना देने के बाद लोगों ने आज आबकारी कमिश्नर का घेराव करने पहुंचे। लोगों के घेराव के बाद जिला आबकारी अधिकारी ने आनन-फानन में शराब ठेका संचालक को नोटिस जारी करके दुकान की लोकेशन बदलने के लिए कह दिया। ऐसा नहीं करने पर दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

स्थानीय पार्षद गजेन्द्र सिंह चिराणा ने बताया कि हिंगलाज कॉलोनी बी लालपुरा में हम पिछले 27 दिन से लगातार धरना प्रदर्शन करके शराब की दुकान को बंद करने की मांग कर रहे है। लेकिन हमारी प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की। आज सुबह सभी ने आबकारी विभाग के ऑफिस पहुंच कर कमिश्नर कुमारपाल गौतम के चैंबर के बाहर धरना दिया। करीब डेढ़ घंटे तक हम धरने पर बैठे रहे, लेकिन कमिश्नर हमसे मिलने तक नहीं आए।


लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए आनन-फानन में जिला आबकारी अधिकारी ने एक नोटिस शराब ठेकेदार को जारी करते हुए उसे तीन दिन के अंदर दुकान की लोकेशन बदलने के निर्देश दिए। दुकान की लोकेशन नहीं बदलने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी। लोगों को जब आबकारी अधिकारी ने नोटिस की कॉपी भेजी तो वे नहीं माने और कहा कि मौके पर जब तक दुकान नहीं हटती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके बाद आबकारी निरीक्षक जावेद मौके पर पहुंचे और उन्होंने शराब की दुकान को बंद करवाकर फोटो-वीडियो भेजे। निरीक्षक के दुकान बंद करवाकर मौके से जाने के कुछ देर बाद ही ठेका संचालक ने फिर से दुकान खोल ली और मौके पर सुरक्षा के तौर पर 3-4 बाउंसर खड़े कर दिए। प्रदर्शनकारी जब मौके पर पहुंचे और उन्होंने जब मौके से वीडियो-फोटो बनाकर जिला आबकारी अधिकारी को भेजे तो वे बेबस नजर आए।




वैशाली नगर स्थित लालरपुरा में मुख्य रोड पर बने शराब के ठेके के विरोध में कॉलोनीवासियों ने आबकारी कार्यालय का घेराव किया।

## श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आज

**जयपुर**, (का.सं.)। श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग राजस्थान के स्वयंसेवक विभिन्न समाजसेवी कार्यक्रमों का अयोजन कर रहे हैं।



कार्यक्रम श्रृंखला के अनुसार श्री श्री रविशंकर आश्रम, सेक्टर 26, प्रताप नगर, जयपुर में सांय 4 बजे से रक्तदान शिविर तथा सांय 6.30 बजे सामूहिक गुरु पूजा का अयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात् सांय 7 बजे से आर्ट ऑफ लिविंग के प्रसिद्ध गायक सौरभ शेखावत और शंकर हेमराजनी द्वारा सत्संग किया जाएगा। सभी के लिए प्रसादी का आयोजन भी है।

## सार-समाचार

### सुबोध स्कूल का परिणाम 100 फीसदी




**जयपुर** (का.सं.)। सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग के स्टूडेन्ट्स ने कल घोषित सी.बी.एस.ई. के सीनियर सैकण्डरी के परिणामों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत वहीं कक्षा 12वीं में भी सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंको से विषयवार विशेष योग्यता के परीक्षा उत्तीर्ण की। स्कूल में कक्षा 10-12वीं के 90 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्रा स्कूल प्रिंसीपल कमलजीत यादव ने प्रोत्साहन स्वरूप मिठाई, चॉकलेट भेंट कर उत्साहवर्धन किया। कला वर्ग में टॉपर्स-समीर कुमावत 98.40, सुनिक्षा धंवर 98.40, परी कुमावत96.2, तनुश्री नाटानी, ध्वनी जैन रही। विज्ञान वर्ग में टॉपर्स में किंजल पालीवाल 95.40, वृन्दा अग्रवाल95, अर्श नाटानी 94.6 रही। कॉमर्स वर्ग में टॉपर्स प्रांजल श्रीवास्तव 95.40 प्रतिशत, मृदुल गुप्तल 95.20 प्रतिशत, सिद्धान्त सांखला 95 प्रतिशत रही।

### क्रमिक अनशन 58वें दिन भी जारी

**जयपुर** । राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहा क्रमिक अनशन शुक्रवार को 58वें दिन भी जारी रहा। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज विभाग के लोकेश शर्मा के नेतृत्व में सिद्धार्थ जाट्वा, टिंकु मीणा, मानाराम, प्रभूदयाल, पंकज कोटीया और कैलाश मीणा 24 घंटे के क्रामिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, महेंद्र सिंह धायल, देवेंद्र सिंह नरूका, महेंद्र शर्मा, रमेश तिवाडी, सतीश शर्मा, महेश शर्मा, रतन सिंह, रिंकू शर्मा, ऋषि कुमार, सुभाष लुघरिया, विनय पारीक, सर्वेशर शर्मा, राजेन्द्र बैसला, कमलकांत सैनी, हरिओम सोनी, प्रकाश यादव, राजेश टांक और बहादुर सिंह सहित अन्य कर्मचारी अनशन पर बैठे। कोटा से जिला अध्यक्ष खेमराज सिंह सोलंकी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर आकर क्रमिक अनशन को समर्थन दिया।

### दो बाल अपचारी निरुद्ध

**जयपुर** । श्याम नगर थाना पुलिस ने मंदिर में चोरी करने वाले दो बाल अपचारियों को निरुद्ध कर नकदी सहित मंदिर की दान पेटी बरामद की है। फिलहाल बाल अपचारियों से इस वारदात में शामिल अन्य लोगों बारे में पूछताछ करने में जुटी है। थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि पांच मई को थाना इलाके में हुई मंदिर चोरी के मामले में दो बाल अपचारियों को निरुद्ध किया गया है और जिनके पास से मंदिर से चुराए गए एक हजार 700 रुपये और मंदिर की दानपेटी जब्त की गई है। निरुद्ध बालअपचारी चोरी-नकबजनी के मामले में पूर्व में सांगानेर,शिप्रा पथ और करणी विहार में निरुद्ध हो चुके है।जो जमानत मिलते ही फिर से चोरी-नकबजनी की वारदात करने में लग जाते है।

### मोबाइल लुटेरा पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर** । मुरलीपुरा थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले एक लूटेरे को गिरफ्तार किया है और उसके पास से लूटा गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि राह चलते लोगों से मोबाइल लूटने वाले एक शातिर लूटेरे मोहम्मद रियाल निवासी जेपी कॉलोनी भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से लूट के मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है।आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह मौज-मस्ती और नशे के शौक को पूरा करने के लिए मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम देता है और उन्हें औने-पौने दामों में बेच कर नशे का शौक करता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### अध्यापकों के पद बढ़ाने की मांग

**जयपुर** । अध्यापक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग फिर उठी है। इसको लेकर बेरोजगारों ने शहीद स्मारक पर सरकार के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन किया। युवा हल्ला बोल प्रदेशाध्यक्ष ईरा बोस के नेतृत्व में सुबह 11 बजे तक बेरोजगार एकत्रित हुए। इस दौरान पद बढ़ाने की मांग को लेकर नारेबाजी की। प्रदेशाध्यक्ष ईरा बोस ने बताया कि अध्यापक भर्ती में पदों की संख्या 48 हजार से बढ़ाकर 60 हजार करने की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालयों में शिक्षकों की कमी भी है, जिससे शिक्षा व्यवस्था चरमरा रही है। शाला दर्पण पर पद रिक्त बताए जा रहे हैं।

## महारानी कॉलेज के बाहर छात्रा से छेड़छाड़, प्रदर्शन

**जयपुर** । महारानी कॉलेज के बाहर एक छात्रा से एक युवक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। छात्रा जैसे ही कॉलेज के बाहर बस से उतरी। युवक ने छात्रा के साथ पहले अश्लील हरकत की। छात्रा बचकर निकलने लगी तो युवक ने उसका बैग पकड़ने की कोशिश की। डरी हुई छात्रा ने दौड़कर कॉलेज में घुसकर बचाव किया। छात्रा ने कॉलेज में अपनी दोस्तों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद छात्राएं और कैंपनिंग कर रहे कुछ छात्र दौड़कर कॉलेज के बाहर पहुंचे। इस दौरान आरोपी युवक बाइक से भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन छात्रों ने आरोपी की पकड़कर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। घटना के विरोध में छात्र और छात्राओं ने कुछ देर के लिए सड़क पर जाम लगा दिया और प्रदर्शन किया। इसके बाद कॉलेज प्रिंसिपल के कक्ष में जाकर विरोध दर्ज कराया। कॉलेज प्रिंसिपल ने पुलिस कमिश्नर को घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। बाद में थाना पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कॉलेज से सीसीटीवी फुटेज भी मांगी है। इधर, छात्रा की शिकायत के साथ कॉलेज प्रशासन ने भी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। इसके बाद भी लालकोठी थाना पुलिस ने रात तक मामला दर्ज नहीं किया। युवक को शांतिभंग में हिरासत में लिया।

## सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण 18 से

**जयपुर**, (का.सं.)। महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय, पारम्परिक कलाओं की प्रतिनिधि संस्था रंगरीत तथा सरस्वती कला केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में सिटी पैलेस परिसर में एक माह तक चलने वाले निःशुल्क सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ से किया जाएगा। संग्रहालय के अध्यक्ष महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने बताया कि युवाओं और नवांकुरों को हमारी विशाल और समृद्ध पारम्परिक कलाओं की बारिकियों से रू-ब-रू कराने के उद्देश्य से यह सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। गत 25 वर्षों से विभिन्न कलाओं को सिखाया जा रहा है। इस बार विद्यार्थियों को परिचय कराने हेतु प्राचीन आराईश एवं जयपुर ब्ल्यू पॉटरी कलाओं को पहली बार शुरू किया जा रहा है।

## तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत सीज

**जयपुर** (कासं)। जेडीए ने शुक्रवार को अलसुबह कल्याण नगर में निर्माणाधीन बेसमेंट व 3 मंजिला अवैध व्यवसायिक इमारत को सील कर दिया। वही पृथ्वीराज नगर उत्तर में 24 मीटर चौड़ी सेक्टर रोड पर बुलडोजर चलाया।

जेडीए मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन -4 में स्थित अनुमोदित आवासीय योजना कल्याण नगर -तृतीय के गैर अनुमोदित 200 वर्गगज के भूखंड पर बिना स्वीकृति -अनुमोदन के जीरो सेटबेक कर बेसमेंट व 3 मंजिला अवैध व्यावसायिक इमारत बनाई जा रही थी। इस पर जेडीए ने पहले नोटिस जारी किए। अब उक्त अवैध व्यावसायिक बिल्डिंग के अवैध निर्माण पूरा होने और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित किये जाने की संभावनाओं को देखते हुए इंजीनियरिंग विंग की सहायता से ईंटो की दीवारे चुनवाकर सीलिंग की कार्रवाई की गई। जेडीए मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि पृथ्वीराज नगर (उतर) द्वितीय स्थित स्कीम नं. एस -12 से गुजर रही 24 मीटर सेक्टर रोड (निम्बार्क मंदिर से अजमेर रोड) में क़रीब 525 मीटर लंबाई में आ रहे दुकानों, दीवारों, चबूतरे आदि अतिक्रमणों को सामूहिक अभियान के तहत ध्वस्त किया गया।



# सीवरेज और पानी की लाइनें डालने के चक्कर में तोड़ डाली 200 किलोमीटर की सड़कें, इन्हें जल्द दुरुस्त करें : लाहोटी

## सांगानेर विधायक ने जेडीए मुख्यालय में दो घंटे तक आयुक्त रवि जैन के साथ बैठकर ली अफसरों की क्लास

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सांगानेर क्षेत्र की समस्याओं के जल्द निस्तारण के लिए भाजपा विधायक अशोक लाहोटी शुक्रवार को जेडीए मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने आयुक्त रवि जैन के साथ बैठकर दो घंटे तक अफसरों की क्लास ली और टूटी सड़कों को लेकर नाराजगी जताई।

लाहोटी ने कहा कि पानी और सीवरेज लाइन डालने के दौरान 200 किलोमीटर की सड़कें तोड़ी गई हैं, इन्हें जल्द दुरुस्त करें। नई सड़क बनाने के लिए 110 करोड़ के टैंडर होने थे, लेकिन जेडीए ने अभी तक मात्र रोड कट व पेचवर्क के लिए 24 करोड़ के ही टैंडर लगाए हैं। उन्होंने बताया कि टोंक रोड से सांगा सेतु पुलिया होते हुए चौरडिया पेट्रोल पम्प तक सड़क निर्माण और डिवाइडर का काम चल रहा है। डिवाइडर में मनमर्जी के कट बना दिए हैं, इससे सुबह-शाम दो-दो घंटे जाम लग जाता है। आयुक्त रवि जैन ने कहा कि विधायक अशोक लाहोटी ने जो भी समस्याएं बताईं हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाएगा। कई काम शुरू हुए हैं और जो शेष काम हैं, उनको भी जल्द करवाएंगे।



सिविल लाइन थाना पुलिस की माने तो हाई सिक्योरिटी जेल में अपने पास जाने को फाड़ कर इसका फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या करने वाले जनवेद के शव का पोस्टमार्टम फर्स्ट क्लास जज की मौजूदगी में तथा वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ मेडिकल बोर्ड द्वारा कराया जाएगा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बताया कि मृतक के गृह गांव पुलिस थाना केलवा गांव बांसखेड़ा जिला बारा में उसके परिजन को सूचित कर दिया गया है, जहां से परिजन के आने के बाद ही जनवेद केशव का मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## गाय में लम्पी के लक्षण मिले

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के मोरला गांव में शुक्रवार को लम्पी बीमारी से ग्रस्त गाय मिलने की सूचना पर पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने गाय का सैम्पल ले जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। पशु चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अनिल परतानी ने बताया कि शुक्रवार को मोरला गांव में एक गाय में लम्पी के लक्षण सामने आने की मिली सूचना पर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग टोंक डॉ. अशोक पाण्डेय मालपुरा पहुंचे। पाण्डेय ने डॉ. परतानी के साथ मोरला पहुंच पशुपालक के बाडे में बंधी संदिग्ध गाय के सैम्पल ले परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। डॉ. परतानी ने बताया कि संदिग्ध गाय में गत वर्ष लम्पी बीमारी सामने आई थी। इस बार भी शरीर पर उठी गांठनुमा फुंसीयों को लम्पी के संकेत मान पशुपालक चिन्तित हो गये। हालांकि वर्तमान में गाय में लम्पी की शिकायत नहीं है। लेकिन ऐतिहात के तौर पर सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाये गये हैं जल्द टीकाकरण के कैम्प लगवाया जायेगा।

## सहायक अभियंता परीक्षा 21 को

**अजमेर, (निसं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 का आयोजन आगामी 21 मई को अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालयों पर किया जाएगा। सचिव एचएल अटल ने बताया कि उक्त परीक्षा के प्रवेश-पत्र परीक्षा दिनांक से 3 दिवस पूर्व आयोग वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी 14 मई से एसएसओ पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR**

S.B./D.B CIVIL WRIT PETITION NO./2023

**Application under Rule 159 of Rajasthan High Court Rules for entering into CAVEAT**

**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS :**

You Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter. The particulars of the person, who may file the WRITs are given below :-

**Any Affected Candidate** against the entrance examination process of PTET-2023 being conducted on 21.05.2023 **and the advertisement notification no. 02 dated 01.04.2023 issued by the Govind Guru Tribal University (Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA) and the issue related there of.**

That the writ petition is likely to be filed against:-

**Govind Guru Tribal University (Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA)**

Vakalatnama on behalf of Manoj Pandya .......................... **Govind Guru Tribal University( Govind Guru Janjteey Vishvvidyalay BANSWARA)** is submitted herewith.

It is, therefore, humbly prayed the nothing be done in the case till the applicant is heard.

**COUNSEL FOR THE APPLICANT**
**(Shree Katta)**
**ADVOCATE**

**HUMBLE APPICANT**
**Govind Guru Janjatiya University**

**IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR**

Dated : 12.05.2023

**NOTICE FOR CAVEAT**

**Application under Rule 159 of the Rajasthan High Court Rules for entering into CAVEAT**

**MAY IT PLEASE YOUR LORDSHIPS :**

You Lordship's humble applicant wants to enter into caveat under rule 159 of the Rajasthan High Court Rules and let nothing be done till the applicants are heard in the matter. The particulars of the person, who may file the WRITs are given below :-

**Any Affected Candidate** against the writ petition against the Rajasthan State Eligibility Test Examination process for the post Assistant Professor in different subjects under the **SET-2023** initiated by the **Govind Guru Tribal University BANSWARA( Govind Guru Janjateey Vishvavidyalay BANSWARA)**

That the writ petition is likely to be filed against :-

**Govind Guru Tribal University BANSWARA**
**(Govind Guru Janjateey Vishvavidyalay BANSWARA)**

Vakalatnama on behalf of **Manoj Pandya, Coordinator S.E.T. Examination-2023 Govind Guru Tribal University BANSWARA (Govind Guru Janjateey Vishvavidyalay BANSWARA)** is submitted herewith.

It is, therefore, humbly prayed the nothing be done in the case till the applicant is heard.

**COUNSEL FOR THE APPLICANT**
**(Shree Katta)**
**ADVOCATE**

**HUMBLE APPICANT**
**Govind Guru Janjateey University**
**Email : lawyer.ballani@gmail.com**

## संक्षिप्त

### परिंड़ा अभियान चलाया

**चाकसू, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जहां आम लोग परेशान हैं वहीं पक्षियों को इस मौसम की मार झेलने को मजबूर हैं। इस भीषण गर्मी और लू से बचाव को लेकर उपखंड क्षेत्र के युवाओं की टोली ने श्याम बाबा परिंड़ा अभियान के नाम से अनोखी पहल शुरू की है। युवा पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि सभी के सहयोग से बाबा श्याम परिंडा अभियान की सकारात्मक पहल की शुरुआत नीलकंठ महादेव मंदिर से की है। शुक्रवार को पुलिस थाने में परिंडे लगाए गए हैं। इस मौके पर राकेश सैनी, विनोद हलसोरा, योगेश कुमावत सहित कई युवा मौजूद रहे।

### बाल श्रमिक को दस्तयाब किया

**टोंक, (निसं)।** मां वैष्णो आटो पार्ट्स व रिपेयरिंग सेंटर झिलाय रोड़ निवाई पर एक नाबालिक 15 वर्ष मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का कार्य करते पाया जाने पर बाल श्रमिक को दस्तयाब किया है। बाल श्रमिक के नियोक्ता मोटरसाइकिल मैकेनिक आरिफ व दुकान मालिक कैलाश चौधरी के विरुद्ध बालश्रम कराने के जुर्म में थाना निवाई शहर पर प्रकरण दर्ज करवाया जा रहा है तथा नाबालिग को शिक्षा व पुनर्वास हेतु सीडब्ल्यूसी टोंक पेश किया गया। कार्यवाही में प्रभारी बृजमोहन देवराज, एसआई नकुल, एचसी रामसहाय, रमेश, डब्ल्यूएचसी रिंकू, धर्मदेव व चालक भोरी लाल थे।

### संकीर्तन महोत्सव 14 मई को

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाहेडा के ग्राम जोधपुरा में सरकारी स्कूल के पास 14 मई को श्री श्याम बाल कृष्ण मंडल के तत्वावधान में 15वा खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जायेगा। श्याम संकीर्तन से पूर्व दोपहर 2 बजे से नारायणपुर राधा-कृष्ण मंदिर से जोधपुरा तक आकर्षक झांकी निकाली जायेगी। जागरण में गायक कलाकार बीरबल साईंवाड, सिंगर प्रकाश गुर्जर, ममता रंगीली, विजेंद्र भार्गव, बाल कवि अंकुर शर्मा, सिमरन डांसर, डांसर प्रिया राठौड़ आदि द्वारा सम्पूर्ण रात्री मीठे-मीठे भजनों से बाबा का गुणगान किया जायेंगा।

### पायलट के स्वागत की तैयारी

**फागी, (निसं)।** कस्बे सहित आसपास के सैंकडों पायलट समर्थक कांग्रेसी कार्यकता स्वागत के लिए शनिवार को दूदू पहुंचेंगे। फागी सरपंच ओमप्रकाश ने बताया कि इस सम्बन्ध में आयोजित बैठक में विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। जिसके तहत भष्टाचार के विरोध में निकाली जा रही जनयात्रा के समर्थन एवं पायलट के पक्ष को मजबूत करने के लिए फागी सहित भोजपुरा मांदी रतनपुरा मेंदवास चौरू चकवाडा सहित अनेक गांवों से सैंकडों की संख्या में दूदू पहुंचकर पायलट स्वागत करते हुए जयपुर तक निकाली जा रही जनसंघर्श पदयात्रा में शामिल होंगे ।

### चनानी माताजी का मेला आज

**निवाई, (निसं)।** ग्राम चनानी में 13 मई को सातों बहनों का विशाल मेला आयोजित होगा। श्रद्धालु हनुमान प्रजापत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम चनानी में सातों बहनों के मेले का आयोजन होगा। मेले को लेकर आसपास के ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह है। मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर को झालरों से सजाया गया है एवं डेकोरेट भी किया गया है। मेले में लगने वाली दुकानों के लिए जगह आरक्षित कर दी गई है।

### चोरी के आरोपी को जेल भेजा

**नारायणपुर, (निसं)।** एएसआई राम कुमार ने बताया कि 16 अप्रेल को मोहन लाल तिवाडी ने चोरी का मुक़दमा दर्ज कराया था । पुलिस ने चोरी के मामले में त्रिलोक (25) पुत्र सोहन लाल जाति ब्राह्मण मोहल्ला तलुण्डी नारायणपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से मजिस्ट्रेट ने चोरी के आरोपी को जेल भेज दिया।

### निपूर्णनन्दी महाराज का प्रवेश आज

**निवाई, (निसं)।** परम पूज्य बालाचार्य महामुनि राजश्री निपूर्णनन्दी महाराज का झिलाय में 13 मई को मंगल प्रवेश होगा। समाज के कमलेश मित्तल ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में महाराजश्री की अगुवानी की जाएगी।

# जल जीवन मिशन की डाली जा रही पाइप लाइन में भेदभाव का आरोप



कालबेलिया समाज के लोगों ने उनके मकानों तक पाइप लाइन डालने की मांग की।

- कालबेलिया समाज के पांच मकानों को लाइन से नहीं जोड़ा
- तिवाड़ियों व भगतों के मौहल्ले के कनेक्शन मुख्य लाइन में नहीं जोड़े

**फागी, (निसं)।** कस्बे में डाली जा रही नई पाइप में कॉलोनियों में किये जा रहे भेदभाव से लोग परेशान हो रहे हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना के तहत फागी कस्बे में नई पेयजल पाइप लाइन डाली जा रही है। जिसके तहत सुभाष कॉलोनी में अन्तिम छोर में कालबेलियों के पांच मकानों को छोड़ ही दिया गया। कैलाश कालबेलिया का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक गरीब को गणेश बताते हैं तो हम गरीबों को पानी से वंचित क्यों किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर डिग्गी रोड पर तिवाड़ियों व भगतों के मौहल्ले में डाली गई पाइप लाइनों से कनेक्शन तो दे दिये गये किन्तु 15 से 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य लाइन में नहीं जोड़ा गया।

भगत मौहल्ले के हरी भगत की माने तो सहायक अभियन्ता को कई बार इस सम्बन्ध में अवगत करवाया गया किन्तु हठधर्मिता के चलते कुछ भी तो नहीं हो पा रहा है।

वार्ड की पंचायत समिति सदस्य ममता शर्मा के प्रतिनिधि महावीर प्रधान का कहना है कि हां इस सम्बन्ध में मुझे भी जानकारी मिली है जिसके तहत सात दिवस में कार्यवाही नहीं की जाती है तो मजूबरन प्रशासन के खिलाफ आमजन हित में धरने पर बैठने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## कथा सुनने शिवभक्त उमड़े

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के जयपुर रोड फलौदी बालाजी के पास खाण्डल विप्र सेवा सदन में गौवला परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा महोत्सव के अन्तर्गत शुक्रवार को व्यासपीठ से कथा वाचन कर रहे आचार्य निशांत कृष्ण शास्त्री ने पांच शिवलिंगों की उत्पत्ति तथा तीन प्रकार की भस्म का वर्णन करते हुए व्यक्ति को भस्म धारण करने के बाद ही रूद्राक्ष धारण करने का महत्व कथा के रूप में सुनाया।

बडी संख्या में मौजूद शिवभक्तों को आचार्य ने बेटी बचाओं बेटी पढाओं का संदेश देते हुए अजन्मी बेटी की मां की कोख से की गई करूणा पुकार का मार्मिक प्रसंग सुनाया। तो मौजूद महिलाओं की आंखों में मां की ममता के आंसु झलक पडे।

शुक्रवार को तीसरे दिन कथास्थल पर पहुंचे क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी व टोरडी आश्रम के संत मोतीगिरी महाराज ने शिव पुराण की कथा सुन आचार्य का आर्शीवाद लिया तो आयोजक परिवार की और से विधायक व मोतीगिरीजी महाराज को दुपट्टा पहना श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

## शिविर में 295 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया

**निवाई, (निसं)।** गांव झिलाय में दो दिवसीय प्रशासन गांव के संग अभियान एवं मुख्यमंत्री महंगाई राहत शिविर उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह ने कहा कि शिविर में आए हुए ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिसके लिए सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखा जाए। शिविर में आसपास की पंचायतों के कुल 295 लोगों ने आवेदन कर नौ सरकारी योजनाओं के गारंटी कार्ड प्राप्त किए। कैंप प्रभारी एवं नायब तहसीलदार ओमप्रकाश ने बताया कि शिविर में इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के 138 गारंटी कार्ड जारी किए गए । शिविर में 100 यूनिट घरेलू बिजली फ्री के 14० कार्ड जारी किए गए। किसानों को 2 हजार यूनिट फ्री बिजली के 19 कार्ड जारी किए गए। निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के 183 गारंटी कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना के 182 कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 113 मामले, 221 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया।

## मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 4 मोबाइल बरामद

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण ने बताया कि विगत 11 मई को नारायणपुर (अलवर) निवासी जितेन्द्र सिंह राजपूत ने थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि वह सडक निर्माण ठेकेदार के पास बतौर मुनीम कार्य करता है। सड़क निर्माण करने वाली लैबर व अन्य स्टाफ सदस्य ग्राम चिमनपुरा की धर्मशाला में सडक निर्माण के चलते अस्थाई तौर पर रह रहे हैं। विगत 10 मई की रात्रि को परिवादी जितेन्द्र सिंह, जेसीबी मशीन ऑपरेटर कमलेश, ट्रैक्टर ड्राईवर कैलाश मीणा व कन्हैया लाल आदि सभी धर्मशाला के अन्दर कमरे में सो रहे थे। जबकि डामर मशीन ऑपरेटर कैलाश गुर्जर बाहर सो रहा था। परिवादी ने रात्रि करीब 3 बजे उठकर देखा तो डामर मशीन ऑपरेटर कैलाश गुर्जर वहां नहीं था एवं सभी के मोबाइल भी नदारद थे। रिपोर्ट में बताया कि कैलाश ने कमरे के अन्दर आकर सभी के मोबाईल चुरा लिये। इस पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर आरोपी कैलाश (43) पुत्र दरियाब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम तुसारी, कठूमर (अलवर) को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी किये गये चारों मोबाईल बरामद किए हैं।

## तीन उप स्वास्थ्य केंद्र क्रमोन्नत

**लालसोट, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र में तीन जगहों पर उप स्वास्थ्य केंद्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत होने पर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में मजबूत हो रही प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं विधानसभा क्षेत्र को मॉडल के रूप में प्रदर्शित करती है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के प्रयासों से लालसोट पंचायत समिति के खेडला खुर्द रामगढ पचवारा पंचायत समिति के डूंगरपुर एवं गांगल्यावास में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्रों को सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत किये जाने की स्वीकृति जारी कर दी है। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि मोजुदा वित्तीय वर्ष बजट घोषणा की पालना में खेडला खुर्द व डूंगरपुर एवं गांगल्यावास के उपस्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं मिलेगी। प्रत्येक पीएचसी के लिए दस दस अतिरिक्त पद भी स्वीकृत किए गए हैं। उपस्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत किये जाने के साथ ही इन चिकित्सा संस्थानों के लिए सरकार ने चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के पद भी स्वीकृत कर दिये हैं। प्रत्येक पीएचसी के लिए एक चिकित्साधिकारी दो नर्स श्रेणी द्वितीय एक महिला स्वास्थ्य दर्शिका फार्मासिस्ट लेब टेक्निशियन सफाई कर्मचारी एवं मैन विद मशीन के पद भी स्वीकृत किये गये हैं। इसके साथ ही वार्ड ब्वॉय के 2 पद भी प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए स्वीकृत किये गये हैं।

## सवाईभोज वीर गुर्जर छात्रावास भवन की नींव रखी

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** देवली-उनियारा विधानसभा के उनियारा कस्बे में सवाईभोज वीर गुर्जर छात्रावास कमेटी की ओर से नींव पूजन कार्यक्रम बालकानन्द महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनसेवा समिति देवली उनियारा के संयोजक डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर को सवाईभोज वीर गुर्जर छात्रावास कमेटी की ओर से साफा माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर गुर्जर ने दो लाख एक सौ एक रुपए छात्रावास के लिए सहयोग राशि कमेटी कार्यकारणी के लोगों को दी। कमेटी द्वारा जो सम्मान दिया उसका डॉ गुर्जर ने हृदय से आभार जताया। गुर्जर ने कहा की कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला का सपना था कि छात्रावास बने हम सभी को मिलकर कर्नल के सपने को साकार करना है। इस अवसर पर सवाईभोज छात्रावास अध्यक्ष बद्री लाल गुर्जर, सिताराम पोसवाल, वृद्धिचंद्र गुर्जर, शंकर गुर्जर, कुलदीप गुर्जर, बिशन लाल गुर्जर, हंसराज आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम श्रीमाधोपुर में लॉटरी से प्रवेश प्रक्रिया सत्र 2022-23 के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में 12 मई शुक्रवार को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश कार्यक्रम पूर्ण किया गया। इसमें विभिन्न कक्षाओं में रिक्त रही सीटों पर प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची बनाकर छात्र छात्राओं को प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर संस्थान में अभिभावकों सहित प्रवेश हेतु छात्र छात्राओं एवं विभिन्न गणमान्य जनों की उपस्थिति थी। संस्था प्रधान रमाकांत शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर शिक्षा विभाग के स्योराम सिंह प्राचार्य राउमावि लिसाडिया ,राजेश अंकुर , शिवपाल सिंह एवं पार्षद श्रीमती सोनू गोयल ,विधायक मनोनीत प्रतिनिधि पवन कुमार चौधरी, खुशबू सोनी एसएमसी अध्यक्ष एवं एसडीएमसी के कई सदस्य मौजूद रहे। बताया गया है की कुल 350 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे विद्यालय में रिक्त सीटें केवल मात्र 36 की थी बाकी आवेदन पत्रों की एक प्रतीक्षा सूची बनाई गई जिसमें जुलाई माह में सीटें रिक्त होने पर प्रवेश दिया जा सकेगा।

## जयपुर में प्रस्तावित माली समाज के महासंगम में जाने का निर्णय

- सैनी समाज की बैठक आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** सैनी समाज की बैठक शुक्रवार को स्थानीय सैनी सभा भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 4 जून को जयपुर में प्रस्तावित सैनी (माली) महासंगम में जाने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर महासंगम के पदाधिकारियों का स्वागत भी किया गया। सैनी सभा अध्यक्ष राकेश सैनी व सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी, महात्मा फुले ब्रिगेड के संरक्षक गुड्डू सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष शंकर लाल सैनी, बिड़दी चंद सिंगोदिया, ओमप्रकाश सैनी आमेर, बाबूलाल सैनी, गिरजा सैनी, किरोड़ी लाल सैनी, सब्जी मंडी अध्यक्ष रमेश सैनी, बिड़दी चंद सैनी, एड. अशोक सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, जगदीश, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, पार्षद प्रमोद गुरुजी आदि ने भी सम्बोधित किया। आगामी आम सभा का आयोजन 14 मई रविवार को किया जायेगा। इस दौरान उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, एड. योगेश सैनी, संरक्षक ओमप्रकाश सैनी, रामकुमार सैनी, महात्मा फुले ब्रिगेड जिलाध्यक्ष बिल्लूराम सैनी, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश तोंदवाल, अमित सैनी, पार्षद एड. शिम्भुदयाल सैनी, कृष्ण कारोडिया, मथुरा प्रसाद सैनी, विजेंद्र सैनी, रामावतार सैनी, रोशनलाल सैनी, ललित, प्रहलाद सैनी, राजेश सैनी, विजय सैनी, देशराज सैनी, सुभाष सैनी व लोकेश सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने शिविर का अवलोकन किया



शिविर के दौरान महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

- 10 योजनाओं के अन्तर्गत कुल 9806 रजिस्ट्रेशन किये

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखण्ड श्रीमाधोपुर में कुल 14 स्थानों पर महंगाई राहत शिविरों एवं ग्राम पंचायत महरोली में प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया गया।

14 स्थानों पर लगे स्थाई महंगाई राहत शिविरों में राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 10 योजनाओं में रजिस्ट्रेशन किये गये। इस दौरान उपखण्ड श्रीमाधोपुर में राज्य सरकार की 10 योजनाओं के अन्तर्गत कुल 9806 रजिस्ट्रेशन किये गये। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने महरोली में लगे प्रशासन गांवों के संग अभियान एवं महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया एवं लाभार्थियों को गारंटी कार्ड प्रदान किये। जिला कलेक्टर ने महंगाई राहत पंजीकरण कार्य में उपखण्ड श्रीमाधोपुर के प्रथम स्थान पर होने के कारण सभी अधिकारियों, कार्मिकों की पीठ थपथपाई, इसके साथ ही ग्राम पंचायत महरोली में प्रशासन गांवों के संग अभियान के दो दिवसीय कैम्प के प्रथम दिन आमजन को राहत पहुंचाने वाले अनेक कार्य किये गये जिनमें राजस्व विभाग द्वारा 11 खाता विभाजन, 113 नामान्तरण, 427 शुद्धिकरण,एक सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि,7 रास्ते के प्रकरण ,34 सीमा ज्ञान/ पत्थर गढ्ढी के प्रकरण, 225 जाति व मूल निवास प्रमाण पत्र व 222 प्रतिलिपियां जारी कर 1696 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया।

पंचायती राज विभाग द्वारा दो आवासीय पट्टों के आवेदन , 7 प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन ,9 शौचालय विहीन परिवारों को जोडने का प्रस्ताव तैयार किया जाकर 111 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा 110 व्यक्तियों, युनानी चिकित्सा विभाग द्वारा 83, आयुर्वेद विभाग द्वारा 85 व्यक्तियों को लाभान्वित, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 16 महिलाओं को एवं शिक्षा विभाग द्वारा 46 व्यक्तियों को छात्र लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही महिला अधिकारिता विभाग द्वारा 52 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 सम्मान पेंशन व 2 एकल नारी सम्मान पेंशन व दो पालनहार योजना के परिवारों, एक लाभार्थी को मुख्यमंत्री दिव्यांगजन स्कूटी योजना के तहत स्कूटी एवं एक परिवार को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 41 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इस प्रकार शिविर में प्राप्त समस्त परिवादों का मौके पर ही निस्तारण कर 1696 लोगो को लाभान्वित किया गया।

## 8 स्थानों पर लगे कैम्पों में गारन्टी कार्ड बांटे

**कोटपूतली, (निसं)।** महंगाई राहत कैम्पों का आयोजन निरन्तर जारी है। शुक्रवार को 08 स्थानों पर लगे कैम्पों में लाभार्थियों को 8081 गारन्टी कार्ड जारी किये गये।

लाभार्थियों ने दस योजनाओं में अपना पंजीयन करवाकर महँगाई से राहत पाई एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाया। इनमें नगर परिषद द्वारा कोटपूतली ब्लॉक में स्थानीय नगर परिषद भवन परिसर में 2308 गारन्टी कार्ड व नगर परिषद द्वारा ग्राम पंचायत चतुर्भुज स्थित अटल सेवा केन्द्र पर लगाये गये कैम्प में 1737 गारन्टी कार्ड जारी किये गये। इस प्रकार नगर परिषद क्षेत्र में दो स्थानों पर लगे कैम्पों में कुल 4045 गारन्टी कार्ड जारी किये गये। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खेड़ा निहालपुरा में 169, नारेहड़ा में 609, बनेठी में 277, गोरधनपुरा में 1133 व खडब में 1377 व पंचायत समिति मुख्यालय पर लगाये गये शिविर में 471 गारन्टी कार्ड जारी किये गये। जहाँ लाभार्थियों ने विभिन्न योजनाओं में अपना पंजीयन करवाया। इस प्रकार कोटपूतली ब्लॉक में 08 स्थान पर लगे कैम्पों में 8081 गारन्टी कार्ड जारी किये गये। इनमें ग्रामीण क्षेत्र में 06 स्थानों पर 4036 गारन्टी कार्ड जारी किये गये।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी का स्वागत



**टोंक, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा का शुक्रवार को भीलवाड़ा जाते समय हाई-वे पर टोंक में एक नीजि होटल पर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर विशेषाधिकारी लोकेश शर्मा ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाये गये राहत कैम्प में पहुंचकर जन- कल्याणकारी योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित कर आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की पुन: सरकार बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक खान, गांधी दर्शन समिति टोंक के संयोजक सुनील बंसल, ओबीसी जिलाध्यक्ष पंकज यादव, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष युसूफ इंजीनियर, आईटी सेल महासचिव अरशद चिश्ती, आईटी जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र रामेश्वर यादव, गजानंद सैनी आदि उपस्थित थे।

### पायलट की पदयात्रा में पहुंचे कार्यकर्ता



**पावटा, (निसं)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा 11 मई से भ्रष्टाचार के विरोध में अपनी आवाज उठाने, आपकी आवाज सुनने और जनता की आवाज बनने के लिए आयोजित जन संघर्ष पदयात्रा में भाग लेने के लिए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग अजमेर के लिए रवाना हुए। जानकारी के अनुसार इस 125 किलोमीटर लंबी जन संघर्ष पदयात्रा में राजेश गुर्जर, खुशवीर गुर्जर, विराटनगर प्रधान प्रतिनिधि कन्हैयालाल गुर्जर, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय सैनी, कांग्रेस वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज अग्रवाल, सीताराम सिंगल, विक्रम यादव, रिजवान कुरेशी, गणेश सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महंगाई राहत शिविर आयोजित

**दूदू, (निसं)।** हरसौली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित दो दिवसीय महंगाई राहत व प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान सरपंच माधूराम के सानिध्य में सरकारी विभाग की दस योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सरपंच ने बताया कि दो दिवसीय शिविर में राजस्व विभाग के नामान्तकरण शुद्धिकरण, तकसमा पात्र व्यक्तियों का गैस सिलेण्डर, सीमाज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर लाभान्वित किया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी भूपेन्द्र यावद विकास अधिकारी भूराराम बलाई तहसीलदार, कमलेश गौतम, एस बीडीओं शंम्भुदयाल शर्मा उपसरपंच दामोदर प्रजापत ग्राम विकास अधिकारी अनिल विजय सहित समस्त वार्ड पंच मौजूद रहे ।

### प्रदेश सह प्रभारी का स्वागत



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** कस्बे के कंचन वाटिका में पहुंची भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी का नीमराणा प्रधान संतोष यादव के नेतृत्व में गुलदस्ता भेंट का स्वागत सत्कार किया गया। वहीं कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान उन्होंने पार्टी के पिछले चुनाव में 20 से 25000 वोटों से हारने पर मायूसी जाहिर करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठित करने का प्रयास किया। लेकिन कुछ कार्यकर्ताओं के मन में खुद को विधायक का टिकट लेने का उत्सुक देखा गया तथा एक कार्यकर्ता बीच में ही बैठक छोड़कर जाते देखा गया। भाजपा वरिष्ठ बलवान सिंह यादव ने बताया कि राजस्थान की सह प्रभारी राष्ट्रीय सचिव विजया राहटकर जिला अलवर के दो दिवसीय प्रवास में शाम को करीब 5 बजे विधानसभा के बहरोड़ कस्बे के कंचन वाटिका में पहुंची। जहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। इस दौरान जिले भर के पार्टी कार्यकर्ता एवं ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ताओं सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय वार्षिक मेला आज से

**निवाई, (निसं)।** लुहारा बालाजी धाम विकास समिति व मेला समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय मेले का शुभारंभ शनिवार से होगा। श्रद्धालु सरदार जाट, सावरा जाट, नन्दकिशोर शर्मा व बृजमोहन स्वामी ने बताया कि मंदिर परिसर में शनिवार की रात भजन संध्या का आयोजन किया। भजन संध्या में प्रकाश माली मेहन्दवास एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की बौछार की जाएगी। भजन संध्या में पूजा राजस्थानी कोटा व ममता मेवाडी द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएगी। मेले के अवसर पर बालाजी महाराज की विशेष श्रृंगार किया जाएगा। रविवार की सुबह मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण कर मेले का शुभारंभ किया जाएगा।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में अवैध तलवार लेकर घूमते हुए हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह के मार्गदर्शन एवं वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के निर्देशन में पुरानी टोंक थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में दौराने गश्त जरिये मुखबीर इत्तला मिली कि मालपुरा दरवाजा पर एक व्यक्ति मोटरसाईकिल पर तलवार लेकर घुम रहा है। उक्त इत्तला पर मन उनि मय जाप्ता व जीप सरकारी चालक मालपुरा दरवाजा पहुंचा, जहां पर पुरानी टोंक थाने के हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद इमरान उर्फ कल्लन पुत्र मोईनुद्दीन पिंदारा (26) साल निवासी बाबरों का चोक थाना पुरानी टोंक मिला, जिसको गिरफ्तार कर अवैध तलवार व मोटरसाईकिल जप्त की गई। मुकदमा आम्र्स एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान जारी है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में गम्भीर अपराध प्रवृति के 13 प्रकरण दर्ज है।

### नवोदय विद्यालय में आवेदन आमंत्रित

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 11 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु समानांतर चयन सत्र 2023-24 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के के जोशी ने बताया कि समानांतर चयन प्रवेश परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन करना होगा। चयन प्रवेश परीक्षा की तिथि 22 जुलाई है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 01 जून 2006 से 31 जुलाई.2008 के बीच (दोनों तिथियों को मिलाकर) होना चाहिये। आवेदन के लिये पात्रता की पूर्ण सूचना एवम विस्तृत विवरण नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार्य होंगे।

# ‘जब “द केरला स्टोरी” दूसरे राज्यों में चल रही है तो आपने बैन क्यों लगाया?’

## सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल व तमिलनाडु सरकार से यह सवाल किया

नई दिल्ली, 12 मई (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने विवादों में घिरी फिल्म द केरल स्टोरी के प्रदर्शन पर रोक लगाने के खिलाफ फिल्म निर्माताओं की याचिका पर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि जब यह फिल्म इसी प्रकार की सांख्यिकीय विविधता वाले दूसरे राज्यों में चल रही है, तो पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चलाने में क्या दिक्कत है?

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि, विवाद सिर्फ फिल्म में बताये गये आंकड़ों को लेकर है, जब यह फिल्म देश के दूसरे सभी राज्यों में चल रही है तो आपने फिल्म पर बैन क्यों लगाया है।
- गौरतलब है कि, द केरला स्टोरी फिल्म में बताया गया है कि, केरल से अपहरण करके अथवा माइंड वॉश करके 32000 लड़कियों को आई.एस.आई.एस. में शामिल करवाया गया है।

शीर्ष अदालत की दो सदस्यीय पीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद फिलहाल कोई आदेश पारित करने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस मामले में सभी संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायसंगत निर्णय लेगी। पीठ ने कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई 17 मई को करेगी।

शीर्ष अदालत ने गत 10 मई को याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे की गुहार स्वीकार करते हुए याचिका पर सुनवाई के लिए अपनी सहमति व्यक्त की थी।

साल्वे ने विशेष उल्लेख के दौरान इस मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था।

उन्होंने पीठ के समक्ष अनुरोध करते हुए कहा था कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आठ मई को इस फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। दूसरी ओर, तमिलनाडु में प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। यहां प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, लेकिन हालात लगभग उसी तरीके के हैं।

इससे पहले नौ मई को शीर्ष अदालत ने इसी फिल्म पर रोक लगाने पर केरल उच्च न्यायालय के इनकार के खिलाफ दायर याचिका पर 15 मई को सुनवाई करने की गुहार स्वीकार की थी।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सुनवाई करने पर अपनी सहमति जताई थी। सिब्बल ने इस मामले को विशेष उल्लेख के दौरान उठाते हुए तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया था।

शीर्ष अदालत के समक्ष पिछले कुछ दिनों में यह मामला पांचवीं बार आया था। इससे पहले फिल्म से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सुनवाई करने से शीर्ष अदालत ने इनकार कर दिया था।

सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित यह फिल्म शुक्रवार पांच मई 2023 को देशभर में रिलीज की गई थी।

हालांकि, पश्चिम बंगाल सरकार ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए आठ मई को इसके प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद निर्माताओं ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## उपराष्ट्रपति रविवार को राजस्थान के दौरे पर

नई दिल्ली 12 मई (वार्ता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को राजस्थान के पुष्कर, खरनाल तथा मेड़ता शहर के दौरे पर रहेंगे और पूर्व केंद्रीय मंत्री नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि धनखड़ पुष्कर में पवित्र ब्रह्मा मंदिर और जाट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा इसके बाद विख्यात और श्रद्धेय समाज सुधारक वीर तेजाजी की जन्मस्थली नागौर में खरनाल जाएंगे। वह मेड़ता शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और नागौर के कृषक समुदाय के प्रतिष्ठित

- उपराष्ट्रपति धनखड़ पुष्कर, खरनाल तथा मेड़ता शहर के दौरे पर रहेंगे और पूर्व केंद्रीय मंत्री नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे।

नेता, स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा छह बार लोकसभा के सदस्य रहे और वर्ष 1979-80 और 1989-90 तक केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह चार बार राजस्थान विधान सभा के सदस्य भी रहे और राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में सेवाएं दी।

## सांसद बोहरा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जयपुर विकास प्राधिकरण की नीलामी कार्यवाही को रुकवाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि एक समुदाय विषेष के लोगो को खुश किया जा सके। उक्त सम्पति के सम्बन्ध मे वास्तविक तथ्य यह है कि राज्य सरकार द्वारा उक्त सम्पति पर कब्जा लैंड एक्विजिशन ऐक्ट 1943 के अन्तर्गत वर्ष 1955 से पूर्व ही ले लिया था, उक्त सम्पति की वास्तविक मालिक राज्य सरकार रही है तथा वर्तमान में उक्त सम्पति का वास्तविक मालिक जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर है। परन्तु राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा अवैधानिक रूप से उक्त सम्पति पर कुत्सित उद्देश्य से अपना हक जताने के लिए एक प्रार्थना पत्र आयुक्त जयपुर विकास अधिकरण जयपुर को दिया है, जिससे कि एक समुदाय विशेष के लोगो को वोट बैंक की राजनीति में साधा जा सके। बोहरा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि उक्त बेशकीमती भूमि पर जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नीलामी कार्यवाही कर जयपुर की जनता के लिए विषेष कार्य किये जा सकते है। जिससे कि जयपुर वासियों को सार्वजनिक सुविधाएँ प्रदान की जा सके तथा अवैध कब्जा धारियों को हटाकर जयपुर के स्वरूप को बचाया जा सके। जयपुर शहर एक हैरिटेज सिटी है, इस भूमि एवं आसपास की भूमि पर हो रहे अतिक्रमणों को हटाकर इस क्षेत्र को विकसित कर स्वच्छ व सुन्दर जयपुर का सपना साकार किया जा सकता है। जयपुर विकास प्राधिकरण हारा उक्त भूमि की नीलामी द्वारा व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिससे कि जयपुर वासियों हेतु रोजगार के नये अवसर उत्पन्न होंगे।

## एक से अधिक पत्नी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लाभ दिलाने के संदर्भ में बहुआयामी प्रभाव देखने को मिलेगा।

केन्द्र सरकार चाहती है कि विवाह, तलाक, उत्तराधिकार तथा दत्तक ग्रहण (अडॉप्शन) जैसे मामलों को संचालित करने वाली अलग-अलग धार्मिक एवं सांस्कृति नियमों-कानूनों के स्थान पर समान नागरिक संहिता लागू कर दी जाये। इस विचार एवं कार्यवाही के समर्थक इसे लैंगिक समानता सुनिश्चित करने के एक उपाय के रूप में देखते हैं, लेकिन इसके विरोधी इसे इस्लाम के तहत प्राप्त अधिकारों को कमजोर करने की सरकार की रणनीति के रूप में देखते हैं।

बहुपत्नी प्रथा पर प्रतिबंध लगाने की योजना बहुत जटिल है। मुस्लिम समुदायों के अतिरिक्त, बहुपत्नी प्रथा असम सहित, सुदूर पूर्वोत्तर राज्यों के 30 से अधिक आदिवासी समुदायों तथा कुछ अन्य पर्वतीय राज्यों में प्रचलित है।

असम के मुख्यमंत्री द्वारा गठित की गई विशेषज्ञ समिति को आदेशित किया गया है कि इस्लाम तथा अन्य धार्मिक समुदायों के धार्मिक एवं निजी पहलुओं के साथ ही, कानूनी प्रावधानों की संवीक्षा की जाये। जस्टिस (सेवानिवृत्त) रूमी फुकन की अध्यक्षता वाले इस पैनल से कहा गया है कि वह 60 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। यह पैनल समान नागरिक संहिता से संबंधित सरकारी नीति के निर्देशक सिद्धांतों (डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी फॉर यूनिफॉर्म सिविल कोड) से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 25 के साथ ही, मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरियत) ऐप्लिकेशन एक्ट 1937 के प्रावधानों की जांच-परख करेगा।

## राहुल को सजा देने वाले गुजरात के जज का प्रमोशन

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 12 मई। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को गुजरात के 68 न्यायिक अधिकारियों को जिला न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किये जाने पर आंशिक रूप से स्टे लगा दिया। इन न्यायिक अधिकारियों में सूरत के चीफ जूडिशियल मजिस्ट्रेट भी शामिल हैं जिन्होंने राहुल गांधी को मानहानि मामले में दोषी ठहराकर दण्डित किया था।

शीर्ष अदालत ने गुजरात सरकार द्वारा पदोन्नति की अधिसूचना जारी किये जाने पर ऐतराज जताया है क्योंकि पदोन्नतियों की वैधता अदालत के समक्ष विचाराधीन थी। इन 68 जजों, जिनकी पदोन्नति इस स्टे ऑर्डर से प्रभावित होगी,

- पर, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात में 68 न्यायिक अधिकारियों के जिला जज पद पर हुए प्रमोशन पर रोक लगा दी है।

में हरीश हसमुख भाई वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने एक मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी ठहराने का आदेश पारित किया था। ज्ञातव्य है कि राहुल की इस दोष-सिद्धि तथा उन्हें दी गई सजा के फलस्वरूप उन्हें लोकसभा से डिसक्वालिफाइड कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति एम.आर. शाह तथा सी.टी. रविकुमार की बैंच ने पदोन्नति के लिये गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा अभिशंसा किये जाने तथा इसके परिणामस्वरूप राज्य सरकार द्वारा इस आदेश के क्रियान्वयन हेतु जारी की गई अधिसूचना पर स्टे लगा दिया।

# मना करने के बावजूद मंत्री-विधायक पहुंचे पायलट की जनसंघर्ष यात्रा में

## लेकिन, कई वो नेता जो पायलट समर्थक होने का दावा करते रहे हैं, यात्रा के पहले दो दिन गायब से ही रहे

जयपुर, 12 मई (का.प्र.)। सचिन पायलट की जन संघर्ष यात्रा दूसरे दिन किशनगढ़ टोल से चलकर दूदू से पहले पड़ासोली के नजदीक विश्राम स्थली पर पहुंची। वैसे तो इस यात्रा में विधायकों को आने से मना कर दिया था, लेकिन पायलट समर्थक विधायक नहीं माने और किसी न किसी रूप से यात्रा में शामिल हो गए।

मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने तो पहले दिन जहां, विश्राम के समय रात्रि में आकर सचिन पायलट से मुलाकात की, वहीं दूसरे दिन उन्होंने यात्रा में कुछ देर पैदल चलकर शिरकत भी की। यात्रा के पहले दिन विधायक राकेश पारीक ने भी आकर पायलट से मुलाकात की।

वहीं, यात्रा के दूसरे दिन दोपहर विश्राम के समय पायलट समर्थक विधायक इंद्राज गुर्जर और रामनिवास गावड़िया भी बांदरसिंदरी के नजदीक पहुंचे और सचिन पायलट से मुलाकात की। उस समय सचिन पायलट आर.पी.एस.सी. के परीक्षार्थियों से मुलाकात कर रहे थे। इसके बाद मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा पहुंचे और उन्होंने सचिन पायलट के साथ कदम से कदम मिलाए। वैसे सचिन पायलट ने अपने समर्थक विधायकों से यात्रा में आने को मना किया था, लेकिन इसके बावजूद विधायक यात्रा में पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर जो नेता विधायक नहीं हैं और प्रत्याशी होने के बाद चुनाव हार चुके हैं, वे पहले दिन मंच पर दिखने के बाद थोड़ी दूर चले और उसके बाद यात्रा में नज़र नहीं आए।

दूसरे दिन भी वे नेता यात्रा में मौजूद नहीं थे। अक्सर सचिन पायलट के इर्द-गिर्द रहने वाले बहुत सारे नेता भी 2 दिन यात्रा से गायब है।

कई तो ऐसे समर्थक भी गायब हैं, जो जयपुर में सचिन पायलट के बंगले पर अक्सर देखे जाते हैं।

वहीं जब पायलट अलग-अलग जिलों के दौरे पर जाते हैं, तो उनके मंचों पर नजर आने वाले नेता भी इस यात्रा में नज़र नहीं आ रहे हैं। इसे लेकर पायलट के समर्थक कार्यकर्ता कह रहे हैं कि, अब तो सचिन पायलट को अपने समर्थक और लॉयल्टी वाले लोगों को पहचानना चाहिए।

दरअसल सचिन पायलट के इर्द-गिर्द रहने वाले कई नेता, कांग्रेस पार्टी की ओर से सचिन पायलट को लेकर किए जाने वाले फैसले पर नज़र टिकाए हुए हैं।

ऐसे में वे फिलहाल यात्रा से दूर हैं। दरअसल जो नेता अक्सर सचिन पायलट के बंगले या उनके मंच पर नजर आते हैं, वे यात्रा में इसलिए नहीं आ रहे कि, कहीं कांग्रेस की ओर से सचिन पायलट के खिलाफ कोई फैसला हो गया तो उनका क्या होगा। ऐसे नेताओं को लेकर यात्रा में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

## सैफ्टी टैंक की सफाई के दौरान पांच मजदूरों की मौत

परभणी 12 मई (वार्ता)। महाराष्ट्र राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र के परभणी जिले के सोनपेठ तालुका के भौचा टांडा शिवरा में सुरक्षा टैंक की सफाई के दौरान एक ही परिवार के पांच मजदूरों की मौत हो गयी और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक भौचा टांडा शिवारा स्थित मारुति दगडू राठौड़ के अखाड़े में गुरुवार को दोपहर सेफ्टी टैंक की सफाई के दौरान यह घटना घटी। मृतकों की पहचान शेख सादिक (45), शेख शाहरुख (20), शेख जुनैद (29), शेख नवीद (25), शेख फिरोज (19) के रूप में हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ब्लास्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की थी। राठौड़ ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता के तहत धारा 372 के अंतर्गत पीड़ित पक्षकार को भी अपील करने का अधिकार होता है जिसके तहत ही अपील दायर की है। इस प्रकरण में परिवादी राजेश्वरी देवी स्वयं गवाह भी हैं और उनके पति ताराचंद सैनी जिनका देहांत पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा करने के दौरान बम ब्लास्ट के कारण हुआ था। राठौड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हेतु 12 मई 2023 को कोर्ट नं. 15 सीरियल नंबर 49 पर न्यायाधिपति अभय एस ओका व न्यायाधिपति राजेश बिंदल की खंडपीठ में सूचीबद्ध हुआ ।

राठौड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में सीनियर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी व मनिंदर सिंह, अधिवक्तागण शिवमंगल शर्मा, हेमंत नाहटा व संजीव सिंघल ने अपीलार्थी की ओर से पुरजोर पैरवी की जिस पर न्यायाधिपति अभय एस ओका व न्यायाधिपति राजेश बिंदल की खंडपीठ ने अपील पर नोटिस जारी करते हुए अपील को एडमिट किया तथा जयपुर जिला सत्र न्यायालय और राजस्थान उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड को सर्वोच्य न्यायालय में तलब करने का आदेश जारी किया। राठौड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर की गई अपीलों की सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख नियत की है।

# अप्रैल में रिटेल महंगाई 18 माह के न्यूनतम स्तर पर

## आर.बी.आई. गर्वनर शक्तिकांत दास ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि, हमारी मॉनेटरी पॉलिसी सही व सकारात्मक तरीके से काम कर रही है

नई दिल्ली, 12 मई (वार्ता)। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बीच अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.70 प्रतिशत रही। यह खुदरा मुद्रास्फीति का 18 माह का न्यूनतम स्तर है।

मार्च माह में खुदरा महंगाई दर वार्षिक आधार पर 5.66 प्रतिशत और अप्रैल 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति 7.79 प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरा महीना है, जब खुदरा-मुद्रास्फीति कम हुई है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एन.एस.ओ.) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में सभी वस्तुओं वाला सामान्य खुदरा मूल्य सूचकांक (आधार 2022-

- इस समय रिटेल मुद्रास्फीति आर.बी.आई. की ओर से निर्धारित 2-6 प्रतिशत की सहज सीमा के अंदर है, जिससे रिजर्व बैंक द्वारा अगली बार नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि नहीं करने की संभावना और बढ़ गयी है।

12 100) 178.1 अंक था। पिछले वर्ष अप्रैल में सामान्य खुदरा मूल्य सूचकांक 170.1 अंक था। मार्च, 2023 में खुदरा मूल्य सूचकांक 177.2 अंक था।

अप्रैल में खाद्य वस्तुओं के खुदरा मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति घटकर 3.84 प्रतिशत रही। मार्च 2023 में खाद्य वस्तुओं के वर्ग की महंगाई दर वार्षिक आधार पर 4.79 प्रतिशत थी।

अप्रैल में सब्जियों के दाम सालाना आधार पर 6.50 प्रतिशत घटे हुए थे। मसालों की महंगाई 17.43 प्रतिशत और ईंधन और बिजली के भाव सालाना आधार पर 5.52 प्रतिशत ऊपर थे।

इस समय खुदरा मुद्रास्फीति आर.बी.आई. की 2-6 प्रतिशत की सहज सीमा के अंदर है, जिससे रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि पर विराम अभी अगली समीक्षा में भी बने रहने की संभावना बढ़ गयी है।

## पायलट को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ही कह पाए कि यह पायलट की “निजी यात्रा” है। पार्टी का एक गुट, पायलट के निलम्बन पर जोर दे रहा है पर एक अन्य गुट कहता है कि अगर पायलट के खिलाफ एक्शन हुआ तो पार्टी को भारी नुकसान होगा। गांधी परिवार गहलोत के खिलाफ है और वे पायलट के खिलाफ एक्शन नहीं लेना चाहते हैं और दुविधा में फंसे हैं और हमेशा की तरह अनिर्णय से ग्रस्त है। लेकिन पायलट की यात्रा को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। भारी गर्मी में भी लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। गांधी परिवार के एक करीबी नेता ने कहा कि यात्रा के प्रति जनसमर्थन को देखकर कांग्रेस नेतृत्व विकल्पों पर विचार करने को मजबूर हो गया है।

## पत्रकार के साथ बातचीत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मुख्यमंत्री पर पड़ रहा दबाव भी बताया जाता है।

राजभवन की विज्ञप्ति के अनुसार, पी.टी.आर. से वित्त एवं मानव संसाधन प्रबंधन विभाग ले लिये गये हैं तथा ये दोनों ही मंत्रालय वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री थंगम थेन्नारासू को दे दिये गये हैं।

पी.टी.आर. इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॅजी तथा डिजिटील सर्विसेज विभाग उद्योग मंत्रालय अब टी.आर.बी. राजा का दे दिया गया है, जो अभी-अभी कैबिनेट मंत्री बनाये गये हैं।

कथित रूप से पी.टी.आर. की बताई जा रहीं दो ऑडियो क्लिप, जो सोशल मीडिया पर आई थी, उनमें उनकी आवाज़ सुनाई दे रही है तथा वे कह रहे है। कि मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन तथा दामाद सबरीसन ने बहुत सारा पैसा इकट्ठा कर लिया है। वे यह भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि द्रमुक पार्टी का ढ़ाचा कमज़ोर है।

पी.टी.आर. ने मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर अपना स्पष्टीकरण भी दे दिया तथा स्टालिन ने भी ऐसी प्रतिक्रिया दी है कि यह प्रकरण समाप्त हो गया है।

लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा की गई मंत्रिमण्डल की फेरबदल में, पी.टी.आर. को दूसरे मंत्रालय में भेज दिया गया है। अगर पी.टी.आर. इस बदलाव से -“ज़रा भी” आहत हैं, तो उन्होंने इस धक्के को सुविचारित रूप से पूरी तरह गुप्त रखा है क्योंकि उन्होंने एक लम्बा ट्वीट करके, मुख्यमंत्री को इस बात के लिये धन्यवाद दिया है कि उन्होंने उन्हें (पी.टी.आर.) राज्य के वित्त मंत्रालय को सँभालने का अवसर प्रदान किया।

पी.टी.आर. ने ट्वीट में कहा है, “पिछले दो साल उनके जीवन को पूर्णता प्रदान करने वाले रहे हैं।” उन्होंने कहा, “विरासत में मिले रिकॉर्ड घाटे तथा ऋण-अनुपातों के बावजूद, हमने समाज कल्याण की योजनाओं में रिकॉर्ड संख्या में निवेश किया तथा रिकॉर्ड पूँजीगत व्यय किया तथा रिकॉर्ड वित्तीय सुधारों को क्रियान्वित किया। जहाँ किसी इक्विटेबल सोसायटी के लिये राजकोषीय दृढ़ीकरण (फिस्कल कन्सोलिडेशन) तथा सामाजिक व्यय आवश्यकतम होते हैं, वहीं विकास एवं ग्रोथ के वाहक होते हैं- निवेश, उद्यम-विस्तार एवं रोज़गार-सृजन। मैं मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन का आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे आज सूचना प्रौद्योगिकी, तथा वैश्विक रूप से नं. 1 इन्डस्ट्री फॉर इन्वैस्टमैंट तथा जॉब क्रिएशन मंत्रालय दिये।” उन्होंने आगे कहा, “मैं और अधिक निवेश प्राप्त करने, रोज़गार-सृजन बढ़ाने तथा आई.टी. के क्षेत्र में तमिलनाडु को फिर से स्थापित करने के लिये तेजी से आगे बढ़ने के लिये अपने पूर्ववर्तियों के महान प्रयासों (की नींव पर) विशाल भवन बनाने की योजना बनाऊँगा।”

पी.टी.आर. के “मंत्रालय-परिवर्तन” पर प्रतिक्रिया देते हुये, राजनैतिक विश्लेषक सुमन्त सी. रमन ने ट्वीट किया: “मेरा मानना है कि पी.टी.आर. मदुरै इस सरकार के अपेक्षाकृत ज्यादा ईमानदार एवं ज्यादा सक्षम मंत्री हैं, अपने दर्योक्तिपूर्ण तथा प्राय: अशिष्ट व्यवहार के बावजूद वे इस सरकार का एक मुखर चेहरा रहे हैं तथा अपने बॉस पर इसके लिये दाबव बनाते रहे हैं कि वे बिना सोची-समझी फ्रीबीज की खातिर राज्य के वित्त का कुप्रंबधन न करें।

लेकिन उनका इस सीमा तक जाना दुर्भाग्यपूर्ण रहेगा।”

## गोल्ड सूक प्रकरण में ई.डी. कोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

जयपुर, 12 मई (का.सं.)। ईडी मामलों की विशेष अदालत ने निवेश के बदले भारी रिटर्न देने के नाम पर 215 करोड रुपए की ठगी से जुड़ी गोल्ड सूक कंपनी के मामले में प्रसंज्ञान लिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी महेन्द्र कुमार निर्वाण, महेन्द्र प्रताप सिंह, बबलू शर्मा, सरोज कंवर, नीतू निर्वाण, थान सिंह, प्रकाश लता चौहान, जगदीश शर्मा, रामेश्वर शर्मा और नौरतमल शर्मा सहित मैसर्स गोल्ड सुख ट्रेड इंडिया लि.व मैसर्स गोल्ड सुख कॉर्पोरेशन लि. के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत समन जारी कर जवाब तलब किया है।

मामले के अनुसार गोल्ड सूक और इसके निदेशकों सहित अन्य लोगों के खिलाफ निवेश के बदले भारी रिटर्न देने के नाम पर ठगी करने को लेकर मामला

- ई.डी. मामलों की विशेष अदालत ने गोल्ड सूक के निदेशकों को मनी लॉण्डरिंग एक्ट के तहत सम्मन भेजा। कम्पनी पर 215 करोड़ रू. की ठगी का आरोप है।

दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस ने जांच कर आरोप पत्र पेश किया था। कंपनी की स्कीमें अव्यावहारिक और काल्पनिक थी। पीएमएलए अधिनियम के तहत अनुसूचित अपराधों से सृजित फंड से आरोपियों द्वारा अचल संपत्तियां अर्जित करना पाया गया। ऐसे में उन्हें अंतरिम रूप से कुर्क किया गया। कंपनी के निदेशकों का उद्देश्य आरंभ से ही धोखाधडी का था और इसके लिए उन्होंने लोकलुभावन स्कीमों में निवेश का लालच दिया। जबकि वास्तव में इतना ऊंचा रिटर्न संभव ही नहीं था। कंपनी के निदेशकों ने अपने परिजनों और मित्रों को सदस्य बनाकर ऊपरी क्रम में रखा और जनता से एकत्र फंड को डायवर्ट किया। ऐसे में उनके खिलाफ पीएमएलए एक्ट के तहत प्रसंज्ञान लिया जाए।

## जयपुर बम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ओर से पेश एस.एल.पी. की सुनवाई भी 17 मई को रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने बम ब्लास्ट केस की निचली कोर्ट से मामले का रिकॉर्ड मंगाने का निर्देश देते हुए कहा कि फिलहाल इस स्टेज पर हाईकोर्ट के फैसले पर रोक नहीं लगाई जा सकती। निचली कोर्ट से रिकॉर्ड आने के बाद ही इस संबंध में आदेश देने पर विचार किया जाएगा।

बम ब्लास्ट पीड़ितों ने हाईकोर्ट के गत 29 मार्च के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें आरोपी सैफुर उर्फ सैफुर्रहमान, मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ उर्फ करीऑन व मोहम्मद सलमान की फांसी की सजा रद्द कर उन्हें दोषमुक्त कर दिया था। वहीं एक अन्य आरोपी शाहबाज हुसैन को विशेष कोर्ट की ओर से दोषमुक्त करने के फैसले की पुष्टि की थी। दरअसल इस मामले में बम ब्लास्ट पीड़ित व राज्य सरकार की एसएलपी पर सुनवाई से पहले ही आरोपी मोहम्मद सलमान, सरवर आजमी व शाहबाज हुसैन ने केविएट दायर कर दी थी।

# ‘वसुंधरा राजे के करप्शन की जांच की बात उठाना...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इस बीच सचिन पायलट ने एक बार फिर अशोक गहलोत और उनके खेमे पर निशाना साधते हुए कहा कि, वसुंधरा राजे के राज के वक्त हुए करप्शन की जांच की बात उठाना अनुशासनहीनता कैसे हो गया? पायलट ने कहा, “मैंने जब अनशन किया तो वसुंधरा राजे के करप्शन के खिलाफ किया। मुझे समझ में नहीं आता कि यह पार्टी के अनुशासन को लांघने का केस कैसे बनता है? अनुशासन तोड़ने का काम तो 25 सितंबर को किया गया था, जब सोनिया गांधी के स्पष्ट आदेश थे कि, दोनों पर्यवेक्षक विधायक दल की बैठक करवाने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री निवास पर बैठक रखने के बावजूद वह क्यों नहीं हो पाई ? बाद में विधायकों ने इस्तीफे दिए। स्पीकर ने कोर्ट में कहा कि, इस्तीफे रिजैक्ट इसलिए करने पड़े, क्योंकि विधायकों ने खुद की मर्जी से नहीं दिए थे। फिर किसकी मर्जी से दिए गए थे? क्या दबाव था? जहां तक बात अनुशासन की है तो मापदंड सबके लिए बराबर होना चाहिए। जब हमारे साथी विधायकों ने इस्तीफे दिए, तब क्या सरकार संकट में नहीं आ गई थी।”

मानेसर जाने का मामला उठाए जाने पर पायलट ने कहा कि, हम जब दिल्ली गए थे अपनी बात रखने के लिए, हम में से किसी साथी ने इस्तीफा दिया क्या? हमने कब पार्टी के खिलाफ बात रखी? कब सोनिया गांधी के खिलाफ बात की। 25 सितंबर को जो हुआ वह सबके सामने है। जबकि पार्टी ने जो कहा उसका हमने सम्मान किया। पार्टी ने जब जो कहा हमने उसको स्वीकार किया। पार्टी ने दोनों पद छोड़ने को कहा तो माना। हमारी मांगों पर बनी कमेटी किसी नेता ने नहीं, पार्टी ने बनाई थी। हमने हर चुनाव में प्रचार किया, भाजपा को हराया। पार्टी के खिलाफ एक काम नहीं किया।

पायलट ने कहा, “कांग्रेस पार्टी के इतिहास में पहली बार यह हुआ कि कांग्रेस अध्यक्ष के आदेश पर आए पर्यवेक्षकों की बेइज्जती की जाए, फिर मीटिंग न हो और उन्हें खाली हाथ लौटा दिया गया हो। फिर नोटिस भी जारी

- पायलट ने कहा, वसुंधरा राजे से मेरी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। खुद गहलोत ने राजे पर गंभीर आरोप लगाया था कि, राजे को हर महीने बजरी व शराब माफिया से 40 करोड़ रू. जाता है। तो, अब जांच करने में क्या समस्या है।

किए गए लेकिन उनका अभी तक कुछ हुआ नहीं। नहीं मुझे लगता है उस बात का भी संज्ञान लेना चाहिए।”

11 अप्रैल को अनशन और 11 मई से जन संघर्ष पदयात्रा शुरु करने के बाद 11 जून को कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर पायलट ने कहा कि, आप सबको अटकलें लगाने की जरूरत नहीं है। मैं जो भी कहता करता हूं सबके सामने रखकर करता हूं, मैं छुपा - छुपी का गेम नहीं खेलता हूं। मैंने जो बोला है सबके सामने बोला है। मैं डबल मीनिंग वाली बातें भी नहीं करता। मेरी मांग सामूहिक है, व्यक्तिगत नहीं है। मुझे पद की लालसा नहीं है। पार्टी ने बहुत हद तक बहुत कुछ दिया है। मेरा घोर विरोधी भी मेरी निष्ठा और ईमानदारी पर उंगली नहीं उठा सकता। हमें नौजवानों की बात सुननी पड़ेगी। नौजवानों के लिए संघर्ष करने में पहले ना कभी कमी छोड़ी ना आगे छोड़ूंगा, बाकी चुनाव में हार जीत चलती रहती है।

विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री को पार्टी का चेहरा बनाने की बात पर पायलट ने कहा कि, पार्टी सत्ता में होती है, तो चुनावों में मुख्यमंत्री ही चेहरा होता है। जब भाजपा सरकार में थी, तो चेहरा वसुंधरा जी थीं या अशोक परनामी थे? स्वाभाविक है वसुंधरा राजे ही चेहरा थीं। सत्ता में मुख्यमंत्री और जब विपक्ष में होते हैं तो पार्टी का अध्यक्ष ही चेहरा होता है और आमतौर पर लीड करता है।

इसी के साथ पायलट ने कहा, पिछले 25 सालों में जब-जब भी सरकार कांग्रेस की रही है, हम हारे हैं। मैंने अपने सुझावों से हाईकमान की बनाई कमेटी को अवगत करवा रखा है। हम सब चाहते हैं कि, सरकार रिपीट हो।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस बयान पर कि, “तेरी-मेरी करने वाले पार्टी के नहीं होते,” पायलट ने कहा कि, केवल अखबार में छपने से या खबर फैलाने से, भाषण देने से सच्चाई नहीं बदलती। सच्चाई वही है, और जनता सब जानती है और हम से ज्यादा जानती है। इसलिए हमेशा मैंने मर्यादा में रहकर विरोध किया है। आप सब जानते हैं अमर्यादित भाषण कौन देता है ? मैंने हमेशा सम्मान से बात की है। विरोध किया है तो बड़ी सभ्य भाषा का इस्तेमाल किया है। जो मुद्दे उठा रहे हैं आप उन्हीं पर आरोप जड़ दो और उन्हीं को टारगेट करो, इससे बेहतर तो यह होगा हमने जो कहा है उसे करके दिखाओ।

पायलट ने कहा, हमने वसुंधरा राजे का सत्ता में रहते हुए विरोध किया था। मेरी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। वसुंधरा सरकार के समय खुद गहलोत साहब ने आरोप लगाया था कि, शराब माफिया बजरी माफिया काम कर रहा है। गहलोत ने खुद कहा था कि, बजरी शराब माफिया से हर महीने 40 करोड़ वसुंधरा राजे को जाता है। इतने गंभीर आरोप लगा रहे हैं, तो उन आरोपों के बाद हम कर क्या रहे हैं? उन आरोपों की जांच करा लें, जांच में कुछ नहीं निकले तो हम सब बोल देंगे कि हम सब ने गलत आरोप लगाए थे। हम जांच ही नहीं करें तो कैसे काम चलेगा?

आर.पी.एस.सी. अध्यक्ष से लेकर मेंबर्स के चयन की पूरी प्रक्रिया बदलने के सवाल पर पायलट ने कहा कि, एक छोटे-मोटे दलाल का किराए का मकान तोड़ दिया, लेकिन आर.पी.एस.सी. सदस्य कटारा पकड़ा गया, उसका मकान अभी तक नहीं टूटा। पायलट ने कहा कि आर.पी.एस.सी. के अध्यक्ष, सदस्यों का जो चयन होता है उसके पीछे कौन लोग हैं, इसकी तह में जाना पड़ेगा। मेंबर्स और अध्यक्ष के चयन की पूरी प्रक्रिया को बदलने की जरूरत है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
आसान आर. सी. ट्रांस्फर के साथ
गाड़ी बिकती है
सिर्फ़ TRUE VALUE पर
TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
TRUE VALUE CERTIFIED
ऑन-टाइम पेमेंट
फ्री-होम इवैल्यूएशन
अपनी कार बेचने के लिए स्कैन करें
पूछताछ के लिए कॉल करें यहाँ 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
*Terms and Conditions apply. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Creative visualization. Images used are for illustration purposes only. Car colour may vary due to printing on paper.
JAIPUR: PADMAWATI COLONY- II, OPPOSITE METRO PILLAR NO 25, MANSAROVER METRO STATION JAIPUR, VIPUL MOTORS PVT. LTD.: 9829351470, 9509157505, 9351044999 | E-101, ROAD NO. 8, VKIA AREA, JAIPUR, PREM MOTORS: 8058794068, 8058791634, 8058794091 | E-197(A), RIICO INDUSTRIAL AREA, MANSAROVAR, JAIPUR, KP AUTOMOTIVIES: 9116190342, 9116190346 | B 1 GOVIND MARG, RAJAPARK OPP. PINK SQUARE MALL, KP AUTOMOTIVE: 9549650533, 9116190344 | A-209, RAJENDRA PRASAD NAGAR, 200FT BYPASS, AJMER ROAD, JAIPUR, SATNAM MOTOCORP. 7413900007, 7413900009, 7821823626 | 13 JHOTWARA INDUSTRIAL AREA, NEAR JHOTWARA POLICE STATION, JAIPUR, KTL: 7412068475, 9209056789.